page 1_Layout 1 12-10-2026 21:41 Page 1

डेली
आवाज भारती
बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » मंगलवार , 13 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :170 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



निशाने पर लक्ष्य, देश के नाम इतिहास रचा

नीरू धांडा ने एशियाई खेलों में जीते 3 पदक

भारतीय सेना की नायब सूबेदार ने ट्रैप शूटिंग में रचा इतिहास, दो स्वर्ण और एक रजत पदक से बढ़ाया देश का गौरव भारतीय महिला निशानेबाज नीरू धांडा ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा और सटीक निशानेबाजी से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का मान बढ़ाया है। 2026 के एशियाई खेलों में उन्होंने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता ने भारतीय खेल जगत में नई प्रेरणा जगाई है।

ट्रंप के ऊर्जा संघर्षविराम दावों की निकली हवा

रूस ने 24 घंटे बाद ही यूक्रेन के बिजली ठिकानों पर किए हमले

डेली आवाज भारती



यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक दिन पहले रूस और यूक्रेन के बीच साढ़े चार साल से जारी युद्ध में 'ऊर्जा संघर्षविराम' (ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले रोकना) पर सहमति बनने की घोषणा किए जाने के बावजूद यूक्रेनी ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर रूसी हमले जारी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दोनों देशों के बीच साढ़े चार साल से जारी युद्ध के बीच एक दिन पहले 'ऊर्जा संघर्षविराम' के लिए सहमत होने की घोषणा किए जाने के बावजूद रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमले जारी रखे हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने सोमवार को यह कहा। उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के खारकीव स्थित क्षेत्रीय अभियोजक कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि रूसी बलों ने शहर के बाहरी इलाके में एक ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमला किया। इससे पहले, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा था कि उन्होंने ट्रंप की घोषणा का स्वागत किया है, लेकिन रूस राजधानी कीव और खारकीव में ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है। ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त पोस्ट में ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले रोकने के कथित समझौते की घोषणा करते हुए कहा कि यह संघर्षविराम तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और साथ ही यह भी कहा, इसे तोड़ें मत! ट्रंप ने 14 सितंबर को भी सोशल मीडिया पर दावा किया था कि दोनों देश एक-दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला नहीं करने के लिए सहमत हुए हैं। हालांकि, उन्होंने उस प्रस्ताव के बारे में भी कोई विवरण नहीं दिया था और कथित समझौते का कोई नतीजा नहीं निकला था। रूस ने युद्ध के दौरान यूक्रेन के आम नागरिकों को बिजली, गर्मी और पानी की सुविधा से वंचित करने के लिए ऊर्जा केंद्रों पर हमले किए हैं। ऐसा करके वह मॉस्को के बड़े पैमाने पर किए गए हमले के खिलाफ जनता के विरोध को कमजोर करना चाहता है। यूक्रेनी अधिकारी इस रणनीति को सर्दियों को हथियार बनाना÷ कहते हैं। वहीं, यूक्रेन ने रूस के ऊर्जा प्रतिष्ठानों (तेल रिफाइनरी) को निशाना बनाकर हमले किए हैं, जिसमें रूस के काफी भीतर स्थित प्रतिष्ठान भी शामिल हैं। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से कुछ सप्ताह पहले ट्रंप ने अपने देश में डीजल की ऊंची कीमतों के लिए जेलेंस्की को जिम्मेदार ठहराया। मॉस्को ने कथित समझौते पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

अब रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और सीबीडी ग्राउंड में ही होगा धरना और विरोध प्रदर्शन



डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली में धरना और विरोध प्रदर्शन करने के लिए निर्धारित स्थानों की सूची में बदलाव किया गया है। दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर का नाम प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटा दिया है। इसके बाद अब रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और सीबीडी ग्राउंड को विरोध प्रदर्शन के लिए निर्धारित किया गया है। यहां धरना देने और विरोध जताने की अनुमति को लेकर नई व्यवस्था लागू होने की बात कही गई है।

कमेटी की सिफारिशों के आधार पर फैसला

आदेश के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विरोध प्रदर्शन के लिए बेहतर स्थानों की पहचान करने के उद्देश्य से एक कमेटी बनाई थी। कमेटी को यह सुझाव देना था कि मौजूदा स्थानों के अलावा लोगों को अपनी मांग उठाने और विरोध दर्ज कराने के लिए अन्य जगहें कैसे उपलब्ध कराई जा सकती हैं। कमेटी की सिफारिशों के आधार पर जंतर-मंतर के अलावा इन तीन स्थानों को प्रदर्शन के लिए निर्धारित किया गया है।

इन तीनों जगहों के लिए अलग से होंगे नियम

दिल्ली पुलिस कमिश्नर अनुराग कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और CBD ग्राउंड में प्रदर्शन करने के लिए नियमों और व्यवस्था से जुड़ा अलग आदेश भी जारी किया जाएगा। ऐसे में इन स्थानों पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति, प्रक्रिया और अन्य शर्तों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी होने का इंतजार रहेगा।

अमेरिकी वीजा का झांसा देकर पाकिस्तान की गोल्ड मैडलिस्ट से 93 लाख की ठगी, अब मौत से सनसनी

इस्लामाहाबाद। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने का सपना देखने वाली पाकिस्तान की 20 वर्षीय भौतिकी स्वर्ण पदक विजेता लाइबा इजाज की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। परिवार का आरोप है कि एक शिक्षा सलाहकार ने प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में दाखिले, छात्रवृत्ति और अमेरिकी वीजा का भरोसा देकर उनसे 93 लाख पाकिस्तानी रुपए ठग लिए। लाइबा 9 अक्टूबर को इस्लामाबाद में मृत पाई गई। मामले में पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी (FIA) ने एक आरोपी सलाहकार को गिरफ्तार किया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी कार्रवाई के आदेश दिए हैं।



जिसने दर्द दिया उससे प्यार कैसे करुं ... अपनी कैंसर जर्नी को याद कर भावुक हुईं सोनाली



माधुरी दीक्षित द्वारा होस्ट किए गए 'कौन बनेगा करोड़पति' के मैराथन वर्शन, जिसका नाम 'कोन होनार करोड़पति' है, के ग्रैंड प्रीमियर के दौरान सोनाली ने अपने शरीर के साथ प्यार से पेश आने और अपनी ज़िंदगी के मुश्किल दौर से सीख लेने के बारे में बात की। बातचीत के दौरान, माधुरी ने कैंसर की यात्रा के दौरान सोनाली की हिम्मत और मुश्किल दौर से गुजरते हुए दिखाई गई ताकत की तारीफ की। माधुरी ने मराठी में कहा, जिसका इंग्लिश में मतलब है, ‘आपके कई अलग-अलग अनुभव रहे हैं और जब आपने कैंसर को हराया, तो हमें आपका एक नया रूप भी देखने को मिला। हमने आपको एक मजबूत सोनाली के तौर पर उभरते हुए देखा।

वैश्विक अस्थिरता बढ़ने से भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद



मुंबई । भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 547.65 अंक या 0.76 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 71,924.68 और निफ्टी 157.10 अंक या 0.70 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,363.35 पर था। बाजार में बिकवाली का सबसे अधिक दबाव एफएमसीजी और सरकारी बैंकिंग स्टॉक्स में देखा गया। सूचकांकों में निफ्टी एफएमसीजी 1.67 प्रतिशत और निफ्टी पीएसयू बैंक 1.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ टॉप लूजर्स थे।

दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल समेत कई नेताओं पर दर्ज की एफआईआर

- राजनीतिक गतिविधियों के लिए प्रयोग की कोशिश

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल समेत उनकी पार्टी के कई नेताओं पर FIR दर्ज कर ली है। दिल्ली के बंगला साहिब गुरुद्वारे में हुए हंगामे पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (DSGMC) ने पुलिस को शिकायत दी थी। जिसके बाद पुलिस ने यह एक्शन लिया है। गुरुद्वारा साहिब जैसे पवित्र धार्मिक स्थल का राजनीतिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की गई। वीडियो फुटेज की जांच की जा रही है।

गुरुद्वारा साहिब में हंगामा करने के आरोप



गुरुद्वारा साहिब में घुसकर प्रदर्शन करने के आरोप

DSGMC ने आरोप लगाया कि कि क्रक्वर्कर शनिवार को गुरुद्वारा साहिब में घुसकर प्रदर्शन करने लगे, जिस कारण वहां पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। वीडियो को गलत तरह से दिखाने के भी आरोप है। DSGMC ने यह भी आरोप लगाया कि AAP नेताओं और विधायकों ने सोशल मीडिया पर घटना के वीडियो साझा किए, जिनमें घटना को गलत तरीके से पेश करते हुए गुरुद्वारा प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया गया।

ओएसडी राजबीर घुम्मन पर सीबीआई की कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

सीबीआई की तरफ से दर्ज एफआई आर पर रोक लगाने से इनकार किया

- आरोपियों के खिलाफ जबरन कार्रवाई न करने का आदेश
- पूरा मामला प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की जांच से जुड़ा

डेली आवाज भारती



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ह्स्ख राजबीर घुमन से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने राहत दी है। पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने CBI को निर्देश दिया कि अगले आदेश तक राजबीर घुमन और मामले से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ कोई जबरन कार्रवाई न की जाए। हालांकि, कोर्ट ने CBI जांच पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया है। यानी मामले में स्वढ्रक बरकरार रहेगी और जांच जारी रहेगी। बता दें कि यह पूरा मामला प्रवर्तन निदेशालय यानी श्वष्ठ की जांच से जुड़ा है।

क्या है पूरा मामला

ईडी की शिकायत के बाद पंजाब पुलिस ने FIR दर्ज नहीं की। इसके बाद मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने 5 अक्टूबर को कथित भ्रष्टाचार के मामले की जांच CBI को सौंपी थी। 6 अक्टूबर को CBI ने राजबीर घुमन समेत छह लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की थी। एजेंसी ने पंजाब और चंडीगढ़ में आठ ठिकानों पर छापेमारी की थी। पंजाब सरकार ने हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए CBI की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश से जबरन कार्रवाई से राहत मिली है। हालांकि CBI की जांच जारी रहेगी।

दिल्ली पुलिस को कॉकरोच जनता पार्टी की चेतावनी!

अगर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली तो दोबारा आंदोलन

- कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने पेशी के बाद तीनों को रिहा कर दिया गया
- एक साल तक शांति भंग न करने की शर्त का पालन करने को कहा गया

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने दिल्ली पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। CJP के सह-संयोजक आशुतोष रांका और सौरव दास सोमवार को दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन पहुंचे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की अनुमति और तारीख नहीं मिली, तो वह दोबारा आंदोलन शुरू करेगा। CJP के संस्थापक अभिजीत दीपके ने दिल्ली पुलिस पर हिरासत से संबंधित वीडियो एडिट करके जारी करने का आरोप लगाया। उन्होंने पुलिस को चुनौती देते हुए कहा कि यदि पुलिस को अपनी कार्रवाई पर भरोसा है, तो हिरासत का पूरा वीडियो सार्वजनिक किया जाना चाहिए। बार-बार अनुरोध करने के बावजूद पुलिस ने उन्हें अपने चचेरे भाई से बात करने की अनुमति नहीं दी। उन्हें दो मिनट के लिए फोन इस्तेमाल करने तक नहीं दिया गया।

शनिवार को एयरपोर्ट पर हिरासत में लिए थे सीजेपी नेता

अभिजीत दीपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया था। तीनों जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने जा रहे थे। रविवार को कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाने के बाद तीनों को रिहा कर दिया गया। हालांकि, रिहाई के साथ उन्हें एक साल तक शांति भंग नहीं करने की शर्त का पालन करने को कहा गया।

राजनीतिक विरोध के बीच अचानक सुपरहीरो 'बैटमैन' की हुई एंट्री

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली: दिल्ली की सड़कों पर सोमवार को इंडिया ब्लॉक के 'चलो दिल्ली' मार्च के दौरान एक बेहद दिलचस्प और अनोखा नजारा देखने को मिला, जब राजनीतिक विरोध के बीच अचानक सुपरहीरो 'बैटमैन' की एंट्री हो गई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तरफ निकाले गए इस मार्च में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर बेटमैन के मास्क बांटे। मार्च के दौरान उस समय सियासी गलियारों में सुगबुगाहट तेज हो गई, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बैटमैन का मास्क हाथ में लेकर अपनी तस्वीर खिंचवाई। एनएसयूआई (NSUI) ने इस तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) पर शेयर करते हुए कैप्शन दिया– 'Batman Mode: ON; Gyaneshh toh giyooo'Ð इसके बाद एक हल्का-फुल्का और मजेदार पल भी कैमरे में कैद हुआ, जब राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बैटमैन का मास्क पहनाने में मदद करते नजर आए। सड़कों पर इस प्रदर्शन के साथ ही विपक्ष ने कानूनी मोर्चे पर भी बड़ी तैयारी कर ली है। INDIA ब्लॉक के नेताओं की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (PIL) दाखिल की गई है। इस याचिका में विपक्ष के 11 प्रमुख नेताओं को याचिकाकर्ता बनाया गया है, जिनमें राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, तृणमूल कांग्रेस नेता सौगत रॉय, शिवसेना (UBT) नेता संजय राउत और एनसीपी-एससीपी नेता सुप्रिया सुले शामिल हैं। इनके अलावा याचिकाकर्ता के रूप में सीपीआई (एम) नेता एम. ए. बेबी, सीपीआई नेता डी. राजा, झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता महुआ माजी और आईयूएमएल नेता ई. टी. मोहम्मद बशीर के नाम भी शामिल हैं।

माई भागो दी फौज नशा कारोबार के बड़े मगरमच्छों को कानून के कटघरे में खड़ा करेगी: बीबा हरसिमरत कौर बादल

कहा, अगली अकाली दल सरकार न केवल ड्रग की समस्या खत्म करेगी, बल्कि नशेड़ियों को प्रशिक्षित कर उनका पुनर्वास भी सुनिश्चित करेगी

डेली आवाज भारती





बठिंडा/सुकून महाजनः शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज कहा है कि पार्टी द्वारा स्थापित नशा विरोधी गुट 'माई भागो दी फौज' नौजवानों की एक पूरी पीढ़ी के भविष्य को बर्बाद करने वाले बड़े मगरमच्छों को सजा दिलाएगी। बठिंडा सांसद यहां हलका इंचार्ज बबली ढ़िल्लों के साथ महिलाओं की विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान न केवल केवल चार महीनों में ड्रग की समस्या को खत्म करने के अपने वादे से पीछे हट गए, बल्कि अपनी ही पार्टी के लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने में भी विफल रहे हैं, जो नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होने कहा,'' पंजाब की महिलाएं पूछ रही हैं कि पंजाब में ड्रग तस्करी के पीछे बड़े सरगना क्यों सरेआम घूम रहे हैं? उनके बेटे नशे की ओवरडोज से क्यो मर रहे हैं? राज्य में 'चिटटा' की होम डिलीवरी क्यों हो रही है?'' यह कहते हुए कि अब बहुत हो गया, बीबा हरसिमरत कौर बादल ने कहा माई भागो दी फौज नशे का कारोबार करने वालों के साथ-साथ उनका संरक्षण करने वालों के नाम इकटठा करेगी। एक बार यह हो जाने के बाद 2027 में अकाली दल सरकार बनेगी तो इस डेटा का उपयोग नशे के खतरे को खत्म करने के लिए किया जाएगा। उन्होने कहा कि अकाली दल सरकार बनने पर एक महिला डीजीपी की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यबल का गठन करेगी, जो माई भागो दी फौज के सदस्यों द्वारा दर्ज किए गए सभी डेटा की जांच करेगी और नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ अनुकरणीय सजा सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होने विस्तार से बताया कि ड्रग के आदी लोगों के लिए पुनर्वास कार्यक्रम शुरू किया जाएगा, जिन्हे प्रशिक्षित किया जाएगा और नई शुरूआत करने के लिए कर्जा भी दिया जाएगा। बठिंडा में बड़े पैमाने पर ड्रग्ज के खतरे के खतरे के बारे बोलते हुए बीबा बादल ने कहा कि हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में रिकॉर्ड किया गया कि कैसे लड़कियां भी इस खतरे का शिकार हो रही हैं। उन्होने कहा कि शहर में नशे की लत ने शहर में समस्याएं पैदा कर दी हैं, जिनमें चेन स्नैचिंग की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होने कहा,'' शहर ने हाल ही में दो गिरोह अपने-अपने ड्रग क्षेत्रीय अधिकारों के लिए एक दूसरे से लड़ते हुए देखा।'' उन्होने कहा कि सड़को पर नशे की सीरिंज से मृत पड़े नौजवान एक आम दृश्य बन गए हैं। बीबा बादल ने यह भी बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी सरकार भगवंत मान के होर्डिंग्स लगाकर 'ईमानदार मुख्यमंत्री' जैसे सस्ते प्रचार स्टंट में लिप्त है। उन्होने कहा कि अगर मुख्यमंत्री वास्तव में ईमानदार होते तो ईडी ,जीएमएडीए में 10 हजार रूपये के घोटाले यां उनके कार्यालय से चलाए जा रहे करोड़ों रूपये के घोटाले का खुलासा नही करता। उन्होने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री की पत्नी गुरप्रीत कौर ने एक सीरियल बलात्कारी को जेल से छुड़ाने के लिए उससे पांच करोड़ रूपये का सौदा किया था।

क्या आपने पूर्व अकाली दल सरकार के समय ऐसे दृश्य देखे थे?

बीबा बादल ने बताया कि कैसे महिलाएं उनके पास आकर अपने बच्चों को बचाने की गुहार लगा रही हैं। उन्होने कहा'' जीरा की प्रीतो का मामला , जिसने नशे की वजह से चार बेटों को खो दिया। एक और सुल्तानपुर लोधी की अन्य महिला मंजीत कौर ने नशे की चपेट में आने से पांच बेटे खो दिए हैं। उन्होने कहा कि सभी मोर्चों पर विफल रहने के बाद आम आदमी पार्टी सरकार 3000 रूपये देकर महिलाओं को लुभाने का प्रयास कर रही है, जबकि उन्हें 60 हजार रूपये देने का वादा किया गया था। उन्होने जोर देकर कहा,'' पंजाब की महिलाएं इस तरह के धोखे में कभी नही आएंगी।''

CMYK

page 2_Layout 1 12-10-2026 21:48 Page 1

हरियाणा ने जनगणना 2027 में 100 प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य रखा; डिजिटल जनसंख्या गणना के लिए 87,450 फील्ड कर्मियों का अनुमान

एफसीआर डॉ. सुमिता मिश्रा ने उपायुक्तों को छूटे हुए लोगों और दोहरी गणना रोकने के निर्देश दिए; राज्य में लगभग 70,000 प्रगणना ब्लॉक बनाए जाने की योजना

डेली आवाज भारती

चंडीगढ। हरियाणा सरकार ने जनगणना 2027 के तहत 100 प्रतिशत जनसंख्या कवरेज सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि कोई भी व्यक्ति अथवा परिवार जनगणना से छूट न जाए। इसके लिए सख्त जवाबदेही, गहन फील्ड निगरानी और समयबद्ध तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि जनगणना के दौरान किसी प्रकार की चूक, दोहरी गणना या आंकड़ों में त्रुटि की संभावना न रहे।

जनगणना के प्रथम चरण में राज्य के 51,907 हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों को सफलतापूर्वक कवर किया जा चुका है। अब हरियाणा दूसरे चरण में जनसंख्या गणना की तैयारियों में जुट गया है। इस चरण में रिजर्व कर्मियों सहित लगभग 87,450 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती की संभावना है, जो लगभग 70,000 प्रगणना ब्लॉकों में कार्य करेंगे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तीय आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, जो जनगणना 2027 के लिए राज्य नोडल अधिकारी भी हैं, ने आज यहां हरियाणा निवास में आयोजित प्रधान जनगणना अधिकारियों के एक दिवसीय सम्मेलन में ये निर्देश दिए। जनगणना 2027 को राष्ट्र निर्माण, विकास योजना और प्रभावी सुशासन से सीधे जुड़ी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारी बताते हुए डॉ. मिश्रा ने कहा कि जनगणना की विश्वसनीयता सटीक गणना, प्रशासनिक जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण और जिला स्तर पर प्रभावी निगरानी पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, जनगणना के आंकड़ों की गुणवत्ता काफी हद तक जिला स्तर पर गंभीरता, नेतृत्व और फील्ड पर्यवेक्षण पर निर्भर करती है।÷ उन्होंने उपायुक्तों को जनगणना की तैयारियों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने, चार्ज



अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें करने तथा जनसंख्या गणना शुरू होने से पहले संभावित परिचालन संबंधी समस्याओं की पहचान करने के निर्देश दिए। डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जनगणना के कार्य को अतिरिक्त विभागीय जिम्मेदारी के बजाय प्राथमिकता वाले कार्य के रूप में लिया जाना चाहिए। उन्होंने तैयारियों में अधिक स्वामित्व, जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण और निर्धारित समयसीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा, ÷कवरेज, सटीकता और गोपनीयता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।÷ उन्होंने जिला प्रशासन को दुर्गम क्षेत्रों, तेजी से विकसित हो रही आवासीय बस्तियों, बहुमंजिला इमारतों, शहरी झुग्गी-बस्तियों तथा बड़ी संख्या में प्रवासी आबादी वाले क्षेत्रों के लिए विशेष परिचालन योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संभावित कवरेज गैप की पहचान करने, दोहरी गणना रोकने और फील्ड स्तर पर निगरानी मजबूत करने के लिए तकनीक तथा उपलब्ध प्रशासनिक सूचनाओं के प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया।



सम्मेलन में प्रस्तुत परिचालन रोडमैप के अनुसार, जनसंख्या गणना के दूसरे चरण में हरियाणा के 23 जिलों, 6,522 गांवों और 88 कस्बों को शामिल करते हुए लगभग 70,000 प्रगणना ब्लॉकों में कार्य किया जाएगा। इस दौरान लगभग 74,800 प्रगणक और 12,650 पर्यवेक्षक, जिसमें रिजर्व कर्मी भी शामिल हैं, 203 जनगणना चार्जों में कार्य करेंगे। इनकी निगरानी 34 प्रधान जनगणना अधिकारियों द्वारा की जाएगी। आगामी जनगणना की प्रमुख विशेषता डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग होगा। जनसंख्या गणना के लिए समर्पित मोबाइल एप्लिकेशन, ऑनलाइन स्व-गणना (Self-Enumeration) और केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली का उपयोग किया जाएगा, जिससे कार्य में दक्षता, पारदर्शिता और आंकड़ों की सटीकता बढ़ाई जा सके। डॉ. मिश्रा ने जनगणना ड्यूटी से छूट मांगने वाले आवेदनों की भी कड़ाई से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से उन कर्मियों के मामलों की भी समीक्षा करने को कहा, जिन्होंने जनगणना के पहले चरण में ड्यूटी निभाई थी। उन्होंने कहा कि सक्षम कर्मियों का चयन, समय पर नियुक्तियां और व्यापक प्रशिक्षण जनगणना की सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रधान जनगणना अधिकारियों के सम्मेलन के साथ प्रशिक्षण गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं और इसके बाद चार्ज अधिकारियों, मास्टर ट्रेनरों, फील्ड ट्रेनरों, प्रगणकों तथा पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में निर्धारित प्रक्रियाओं, डिजिटल एप्लिकेशन और परिचालन संबंधी जिम्मेदारियों से कर्मियों को परिचित कराया जाएगा। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को फील्ड कर्मियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने तथा पर्यवेक्षकों के साथ साप्ताहिक बैठकें आयोजित कर परिचालन संबंधी समस्याओं की पहचान और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एफसीआर ने जनगणना कर्मियों के कल्याण और परिचालन संबंधी तैयारियों पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने जिला प्रशासन को पर्याप्त प्रशिक्षण सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, लॉजिस्टिक सहायता और आवश्यक प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के माध्यम से लंबित मानदेय भुगतान शीघ्र जारी करने पर जोर दिया, ताकि जनगणना कार्य में लगे कर्मियों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो। सम्मेलन में प्रस्तुत वित्तीय प्रावधानों के अनुसार, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को दोनों चरणों के लिए कुल 25,000 रुपये का मानदेय मिलेगा, जिसमें हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन के लिए 9,000 रुपये और जनसंख्या गणना के लिए 16,000 रुपये शामिल हैं।

सिसवां-बद्दी मार्ग पर बड़ा हादसा टला:

ओवरलोड ट्रकों के कारण लगा लंबा जाम, हाइड्रा मशीन से हटाए गए वाहन

● पहले भी हो चुके हैं दर्दनाक हादसे ● ट्रैफिक पुलिस की सख्त अपील

डेली आवाज भारती

सिसवां/बद्दीः (हरतेज सिंह तेजी) सिसवां-बद्दी मार्ग पर उस समय एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जब सिसवां की ओर से बद्दी जा रहे चार अत्यधिक ओवरलोड ट्रक अचानक भैरव मंदिर की चढ़ाई के पास बीच रास्ते में ही रुक गए। ट्रकों के रुकने के कारण मार्ग पर काफी घंटों तक भारी यातायात जाम लगा रहा, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रैफिक







पुलिस के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल एक %हाइड्रा मशीन% बुलाई और काफी मशक्कत के बाद चढ़ाई पर फंसे ओवरलोड ट्रकों को सड़क के किनारे करवाया। इसके बाद ही यातायात व्यवस्था को दोबारा सुचारू रूप से चालू कराया जा सका। स्थानीय निवासियों और राहगीरों के अनुसार, इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों के कारण पहले भी कई बड़े और भयानक हादसे हो चुके हैं। आज भी एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, अन्यथा सिसवां-बद्दी मार्ग पर भारी जान-माल का नुकसान हो सकता था। इस मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सिसवां-बद्दी मार्ग (खासकर पहाड़ी चढ़ाई वाले हिस्सों) पर क्षमता से अधिक लोड वाले (ओवरलोड) ट्रकों या अन्य वाहनों को लेकर नहीं आना चाहिए। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना या बड़े हादसे से बचा जा सके।

'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' (सीजन-4) के तहत जिला स्तरीय खेलों का आगाज

■ पंजाब की युवा पीढ़ी को खेलों से जोड़ने के लिए राज्य सरकार का सराहनीय प्रयासः नीलम रावत

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया। ,'खेडां वतन पंजाब दियां-2026' (सीजन-4) के तहत आज जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शानदार आगाज हुआ। इन खेलों का उद्देश्य पंजाब की युवा पीढ़ी को खेलों से जोड़ना, खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर मैडम नीलम रावत ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 'खेडां वतन पंजाब दियां' पंजाब सरकार का एक सराहनीय प्रयास है, जिसके माध्यम से प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की भावना पैदा करते हैं। सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुराली की प्रिंसिपल मैडम चरणजीत कौर ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इन खेलों ने प्रदेश के खिलाड़ियों को जिला और राज्य स्तर से आगे बढ़कर राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए तैयार होने का अवसर प्रदान किया है। प्रिंसिपल चरणजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की ओर से आयोजित 'खेडां वतन पंजाब दियां' का मंच प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

वोट के अधिकार और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस की निर्णायक लड़ाई शुरू : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

सिरसा। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य कुमारी सैलजा ने सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस के प्रस्तावित मार्च के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की कथित मिलीभगत से हो रही वोट चोरी के खिलाफ अब निर्णायक लड़ाई का समय आ गया है। देश की जनता का वोट किसी सरकार की जागीर नहीं है, बल्कि संविधान से मिला अधिकार है। इसे कमजोर करने अथवा छीनने की किसी भी कोशिश का कांग्रेस डटकर विरोध करेगी। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस



अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में 12 अक्टूबर को नई दिल्ली में लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेसजन एकजुट हो रहे हैं। दोपहर 1ः30 बजे बाराखंभा रोड जंक्शन से सुप्रीम कोर्ट तक मार्च का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल कांग्रेस पार्टी का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक उस नागरिक के अधिकारों का है, जिसे संविधान ने मतदान की ताकत प्रदान की है। कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के नाम पर गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यक वर्गों के मताधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना है। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहना चाहिए और किसी भी नागरिक को उसके मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल गांधी लगातार चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और वोट चोरी के मुद्दे को उठा रहे हैं। कांग्रेस द्वारा उठाए गए सवालों का पारदर्शिता के साथ जवाब दिया जाना चाहिए। सांसद ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को पुलिस कार्रवाई और गिरफ्तारियों के माध्यम से दबाने का प्रयास किया जा रहा है। लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करना और सरकार से सवाल पूछना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। सांसद कहा कि देश किसी सरकार की मनमर्जी से नहीं, बल्कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों से चलेगा। कांग्रेस लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता, चुनावी पारदर्शिता और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी। कुमारी सैलजा ने देशवासियों से लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक और एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना प्रत्येक भारतीय नागरिक की जिम्मेदारी है।

लोक हित मिशन ने सहकारी समितियों के ज़रिए किसानों के लिए बनाई नई नीति का किया विरोध

डेली आवाज भारती

माजरी, (हरतेज सिंह तेजी) : लोक हित मिशन बीकेयू (पंजाब) ने सहकारिता विभाग द्वारा कृषि सहकारी समितियों (Agricultural Cooperative Societies) से ऋण लेने वाले किसानों पर थोपी जा रही कथित किसान विरोधी शर्तों का कड़ा विरोध किया है। इसके साथ ही, मिशन ने नई शर्तों के कारण किसानों को अगली फसल के लिए नई राशि मिलने पर लगाई गई रोक पर भी गहरा एतराज जताया है। इस संबंध में जारी एक संयुक्त बयान में मिशन के नेताओं– गुरमीत सिंह सांटू, भगत सिंह भगत माजरा, मनदीप सिंह खिजराबाद, गुरशरण सिंह नग्गल, गुरबचन सिंह मुंधों, हरजिंदर सिंह मुंधों और रविंदर सिंह होशियारपुर ने कहा कि पहले सहकारी समितियों से ऋण लेने के



लिए किसानों को अपनी जमीन गिरवी नहीं रखनी पड़ती थी। हालांकि, नई नीति के अनुसार अब 2 लाख रुपये से अधिक का कर्ज लेने वाले किसानों के लिए अपनी जमीन गिरवी रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इसी तरह, पहले किसानों को 1 लाख रुपये के कर्ज के लिए × हजार रुपये जमा कराने होते थे, लेकिन अब इस सीमा को बढ़ाकर छोटे किसानों के लिए 6 हजार रुपये और बड़े किसानों के लिए 9 हजार रुपये कर दिया गया है। नेताओं ने आगे कहा कि सहकारिता विभाग के पहले के नियमों के तहत ब्याज दरों पर सब्सिडी दी जाती थी और सामान्य बैंकों की तुलना में कम ब्याज लिया जाता था। लेकिन अब लागू की जा रही शर्तों के तहत, लाख रुपये से अधिक का ऋण लेने वाले किसानों से निजी बैंकों से भी अधिक (लगभग 11त्न) ब्याज वसूला जाएगा। इसके अलावा, × लाख रुपये से अधिक का कर्ज लेने वालों को मिलने वाली सब्सिडी बंद करने की शर्त भी जोड़ी जा रही है। मिशन नेताओं ने स्पष्ट किया कि पहले किसान धान की फसल बेचकर समिति का पिछला बकाया चुका देते थे और उसके बाद गेहूं की फसल के लिए पुनः राशि प्राप्त कर लेते थे। परंतु नई पाबंदियों के कारण अब किसानों को अगली फसल के लिए नई राशि लेने से भी रोका जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार और विभाग कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुँचाने वाली इस नीति को तुरंत वापस लें। यदि यह नीति वापस नहीं ली गई, तो लोक हित मिशन अन्य समस्त किसान संगठनों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगा।

परमिंदर सिंह गोल्डी ने खरड़ ब्लॉक की आंगनवाड़ी वर्करों के साथ की बैठक, हाथ जोड़कर किया धन्यवाद



डेली आवाज भारती

खरड़,/संदीप अकालगढ़िया : खरड़ स्थित राम भवन में विधानसभा हलका खरड़ के इंचार्ज एवं पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने खरड़ ब्लॉक की आंगनवाड़ी वर्करों के साथ विशेष बैठक की। इस दौरान उन्होंने वर्करों से बातचीत कर उनके रोजमर्रा के कामकाज में आने वाली समस्याओं और मांगों के बारे में जानकारी हासिल की। बैठक के दौरान सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने हाथ जोड़कर आंगनवाड़ी वर्करों की समर्पित सेवाओं के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर बच्चों के विकास और महिलाओं के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। इस अवसर पर नीरू देवी, नयागांव की आंगनवाड़ी वर्कर सहित अन्य वर्करों ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने पंजाब सरकार की ओर से शुरू की गई मावां-धीयां सत्कार योजना के लिए सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस पहल से महिलाओं को सम्मान मिल रहा है और वे गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। हरमिंदर कौर, मुंडी खरड़ और अनीता रानी सहित अन्य वर्करों ने भी मंच से अपने विचार रखे।

आंगनवाड़ी वर्करों ने बैठक के दौरान मानदेय में वृद्धि करने, आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति में सुधार लाने तथा बुनियादी ढांचे से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई। इस पर सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लिया जाएगा और इनके समाधान के लिए उचित प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) गुरसिमरन कौर ने बैठक आयोजित करने और आंगनवाड़ी वर्करों के साथ सीधे संवाद करने के लिए सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी का धन्यवाद किया। बैठक के अंत में सरदार परमिंदर सिंह गोल्डी की ओर से आंगनवाड़ी वर्करों को बेडशीट भेंट की गई।

बस एवं कार की टक्कर में महिला की हुई मौत, युवती जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना तलवंडी भाई की पुलिस ने बीते दिन बस एवं कार के बीच हुई टक्कर में मारी गई महिला और जख्मी हुए युवती के मामलें में पीड़ित युवती के बयान पर दोषी अज्ञात बस चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना तलवंडी भाई के एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में गर्ग अस्पताल में दाखिल कोलमप्रीत कौर पुत्री बाज सिंह वासी गांव सरावा बौदला ने बताया कि वह अपने परिवार सिहत कार नंबर पीबी-10डीडी-8740 आल्टो किराऐ पर लेकर अपनी रिश्तेदारी से वापिस आ रहे थे तो तलवंडी भाई नैशनल हाईवे-54 पर ओवर ब्रिज के पास बस नंबर पीबी-02डीटी-5137 के अज्ञात ड्राईवर ने उनकी कार को टक्कर मार दी और वहां से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़िता और उसकी चाची परमिन्द्र कौर को अस्पताल में दाखिल रकवाया गया तो डाक्टरों ने परमिन्द्र कौर को मृतक करार दे दिया। मामले की जांच कर रहे बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषी अज्ञात बस ड्राईवर पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां

चंडीगढ़ प्रशासन आराम से सो रहा...

डेली आवाज भारती

दीपांशु पांडे,विकास नगर मौली जागरण चंडीगढ़। चंडीगढ़ के विकास नगर मौली जागरण में स्थित कचरे का ढेर फिर से जमा होने लग गया क्या यह डंपिंग राउंड 2.0 की तैयारी है। स्थानीय निवासी अपने घरों की कचरी रोड के आसपास या रोड पर गिरा देती है और प्रशासन इसे चुपचाप देखता रहता है परंतु इस पर कोई भी एक्शन नहीं लिया जा रहा इससे काफी प्रकार की बीमारियां जैसे डेंगू मलेरिया और भी अन्य जानलेवा बीमारियों का घर बन रहा है। यह कूड़ा कचरा लोग सरेआम रोड पर गिरा कर चले जाते हैं परंतु इसकी देखरेख के लिए कोई भी मुलाजिम नहीं है जो इस पर प्रतिबंध लगा सके क्या अब से लोग अपने घरों के कचरे रोड पर गिर सकते हैं? चंडीगढ़ प्रशासन कब तक सोता रहेगा ? आसपास के लोगों का कहना है कि जब बारिश का समय होता है तो यहां पर जल भराव भी



होता है और लोगों को आवाजाही करने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। स्वच्छ भारत अभियान की पूरी धज्जियां । एक समय पर चंडीगढ़ सफाई के मामले में सर्वश्रेष्ठ की श्रेणी में दूसरे स्थान पर था परंतु आज यह काफी पीछे चला गया है इसका कारण प्रशासन की नाकामिया दिखती है इस पर सूत्रों के मुताबिक चंडीगढ़ में कचरो को सरेआम फेंक देती है जिससे आम जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इससे काफी बीमारियों का भी घर बनता है। विकास नगर मौली जागरण चंडीगढ़ के स्थानीय निवासी लोगों का कहना है कि उन्होंने इस पर काफी कंप्लेंट दर्ज की और प्रशासन से इस कचरे को हटाने की अपील भी की गई परंतु इस पर कोई भी एक्शन नहीं लिया गया । लोगों का कहना है कब तक प्रशासन इसे नजरअंदाज करता रहेगा । लोगों ने प्रशासन पर इल्जाम लगाए हैं कि विकास नगर को भी सेक्टर 38 स्थित डंपिंग ग्राउंड 2.0 बनाने की पूरी तैयारी चल रही है क्या यह कचरा यहां से कभी नहीं हटेगा क्या प्रशासन इस पर कोई एक्शन नहीं लगा क्या लोग इसी तरह परेशान रहेंगे? चंडीगढ़ प्रशासन की नाकामियां दिखाई देती नजर आ रही है ।

पुलिस ने जुआ खेलते पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेलते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से नगदी और ताश के पत्ते बरामद किए है। उक्त मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। थाना सिटी फिरोजपुर के एएसआई अयूब मसीह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोषी बस्ती शेखां वाली फिरोजुर शहर में मोमी कागज बिछाकर ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके जुआ खेलते हुए मंगल उर्फ मंगली पुत्र फजल, मिठन पुत्र अनैत उर्फ तोता, रकेश उर्फ जैकी पुत्र कुलवंत, राजा पुत्र काला व अनैत उर्फ तोता पुत्र जोगिन्द्र वासी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर शहर को गिर▪तार करके उनके कब्जे से 1250 रुपए और ताश के 52 पत्ते बरामद किए है।

CMYK

page 3_Layout 1 12-10-2026 18:51 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ मंगलवार, 13 अक्तूबर 2026

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल महलां का किया औचक निरीक्षण; व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

विद्यार्थियों से बातचीत कर पढ़ाई और सुविधाओं की ली जानकारी; तीन विज्ञान प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

- सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे की कमी नहीं आने दी जाएगी; जरूरत के अनुसार अतिरिक्त ग्रांट भी दी जाएगी

डेली आवाज भारती



महलां (दिड़बा), मोहिंदर सिंह : पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने आज सुबह स्कूल लगने के समय सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल महलां में अचानक पहुंचकर स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से खुलकर बातचीत की और पढ़ाई, स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं तथा उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी हासिल की। इस मौके पर हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के परिणाम अब स्कूलों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। स्कूलों का सुधरता वातावरण शिक्षा क्रांति के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वित्त मंत्री ने स्कूल में बनाई जा रही तीन विज्ञान प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इन प्रयोगशालाओं को जल्द तैयार करके स्कूल के हवाले किया जाएगा और इनका उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान की शिक्षा में प्रायोगिक ज्ञान का विशेष महत्व है। इन प्रयोगशालाओं से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझने और अपने ज्ञान को व्यावहारिक रूप देने के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। स्कूल के स्टाफ के साथ बातचीत के दौरान हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब सरकार द्वारा जारी की गई ग्रांटों और उनके उपयोग के बारे में चर्चा की। उन्होंने स्कूल की अन्य जरूरतों के बारे में भी जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि स्कूल को और बेहतर बनाने के लिए जरूरत के अनुसार अतिरिक्त ग्रांट उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे की कमी नहीं आने दी जाएगी। स्कूल के शैक्षणिक वातावरण की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि स्कूल में पंजाबी भाषा, विज्ञान और गणित से संबंधित लगाए गए शिक्षण सामग्री के मॉडल विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाने का अच्छा प्रयास हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में प्रवेश करते ही शिक्षा से जुड़ी सामग्री और व्यवस्थित वातावरण देखकर खुशी होती है। उन्होंने कहा कि सुविधाओं और सीखने के माहौल के मामले में हमारे सरकारी स्कूल किसी भी निजी स्कूल से कम नहीं हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आज औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल में हुए सुधार को देखकर उन्हें संतोष हुआ है।

बारिश के बावजूद एक सहारा फाउंडेशन ने 101 जरूरतमंद बेटियों के विवाह सफलतापूर्वक संपन्न करवाए : दीपक शर्मा दीपु

- विभिन्न धर्मों की बेटियों ने अपने रीति-रिवाजों के अनुसार रचाया विवाह, परिवारों ने दीपु को भाई और पिता का फर्ज निभाने वाला बताया

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया : एक सहारा फाउंडेशन की ओर से 101 जरूरतमंद बेटियों के सामूहिक विवाह करवाने के लिए किया गया प्रयास समाज सेवा और आपसी भाईचारे की मिसाल बनकर सामने आया। इस समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। खास बात यह रही कि विभिन्न धर्मों से संबंधित परिवार अपनी बेटियों का विवाह करवाने के लिए पहुंचे और उन्होंने अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह की रस्में निभाईं। इस पहल ने धार्मिक सद्भाव, आपसी प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर दीपक शर्मा दीपु कुराली ने कहा कि इस समारोह के आयोजन के लिए किए गए प्रयास को लोगों का भरपूर प्यार और सहयोग मिला। दोपहर 12 बजे तक समारोह में बड़ी संख्या में लोग पहुंच चुके थे और कार्यक्रम बहुत अच्छे ढंग से चल रहा था। लेकिन अचानक बारिश होने के कारण व्यवस्थाओं में कुछ परेशानियां आई। इसके बावजूद उन्होंने बेटियों से किए गए वादे को पूरा करते हुए 101 जरूरतमंद बेटियों के विवाह सफलतापूर्वक संपन्न करवाए। दीपक शर्मा दीपु ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह करवाना और उनके माता-पिता के चेहरों पर खुशियां लाना था। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण मेहमानों की सेवा में कुछ कमियां रह गईं, जिसके लिए वह पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों और दूर-दराज से पहुंचे अपने मित्रों, सहयोगियों तथा शुभचिंतकों से क्षमा मांगते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मेहमानों को उचित मान-सम्मान देना उनकी इच्छा थी, लेकिन अचानक बारिश के कारण कुछ परेशानियां उत्पन्न हो गई। विवाह करने वाली बेटियों और उनके परिवारों ने भी दीपक शर्मा दीपु का दिल से धन्यवाद किया। विभिन्न धर्मों से संबंधित परिवारों ने कहा कि दीपक शर्मा दीपु ने उनकी बेटियों के विवाह करवाकर केवल समाज सेवा ही नहीं की, बल्कि एक भाई और पिता की तरह अपना फर्ज भी निभाया है।

अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

जिला फिरोजपुर में 6,89,046 सामान्य मतदाता और 2,529 सेवा मतदाता दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी-सह-अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. अमनदीप कौर द्वारा सोमवार को योग्यता तिथि 1 अक्तूबर 2026 के आधार पर तैयार की गई मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन की गई। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र-वार मतदाताओं का विवरण साझा किया गया और चुनाव सूचियों से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूचियों के अनुसार जिला फिरोजपुर में कुल 6,89,046 सामान्य मतदाता दर्ज हैं, जिनमें 3,56,140 पुरुष, 3,32,887 महिलाएं और 19 तीसरे लिंग के मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा जिले में 2,529 सेवा मतदाता दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र जीरा में 1,82,831, फिरोजपुर शहरी में 1,56,090, फिरोजपुर ग्रामीण में 1,86,365 और गुरुहरसहाय में 1,63,760 सामान्य मतदाता दर्ज हैं। डा.अमनदीप कौर ने कहा कि मतदाता सूचियों की शुद्धि के दौरान गैर-हाजिर, स्थानांतरित, मृत और डुप्लिकेट मतदाताओं से संबंधित विवरणों की भी जाँच की गई, योग्य नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और नया वोट बनाने या विवरण में संशोधन करवाने के लिए भारत चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट या मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं या ऑफ़लाइन फॉर्म भरने के लिए अपने क्षेत्र के ई.आर.ओ कार्यालय या बूथ लेवल अधिकारी की सहायता ले सकते हैं। इस अवसर पर चुनाव कानूनगो गगनदीप कौर और दलजीत सिंह, जिला प्रोग्रामर त्रिलोचन सिंह, चुनाव कार्यालय का अन्य स्टाफ और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।



अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर जानकारी देती हुई।

घनौरी कलां में आंखों की मुफ्त जांच के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित

ओएसडी सुखवीर सिंह ने किया शिविर का उद्घाटन, लोगों से स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील

डेली आवाज भारती



धूरी/शेरपुर, मोहिंदर सिंह : पंजाब सरकार की पहल के तहत चलाई जा रही 'स्वस्थ आंखें, खुशहाल पंजाब' मुहिम के अंतर्गत आज गांव घनौरी कलां में आंखों की मुफ्त जांच के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ओएसडी सुखवीर सिंह ने किया। शंकरा आई अस्पताल, लुधियाना के सहयोग से आयोजित इस शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की आंखों की मुफ्त जांच की और आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श दिया। इसके अतिरिक्त मरीजों को मुफ्त दवाइयां और चश्मे उपलब्ध करवाने के साथ-साथ जरूरतमंद नेत्र रोगियों के ऑपरेशन की सुविधा भी प्रदान की गई। इस अवसर पर संबोधित करते हुए ओएसडी सुखवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने और 'रंगला पंजाब, स्वस्थ पंजाब' के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आंखें हमारे जीवन का अनमोल अंग हैं और समय-समय पर आंखों की जांच करवाने से कई समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका उपचार संभव हो सकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे ऐसे मुफ्त चिकित्सा शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। शिविर के दौरान क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवाई और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

शाम 5 बजे से सुबह 7 बजे तक छोटे खनिजों की माइनिंग करने पर पूर्णतया प्रतिबंध

- फार्मेसी/केमिस्ट की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के आदेश जारी

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 और 152 के तहत मिले अधिकारों का प्रयोग करते हुए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट डा.अमनदीप कौर ने जिला फिरोजपुर में विभिन्न प्रतिबंधों के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश जारी होने की तिथि से 2 महीने तक लागू रहेंगे। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किए गए पाबंदी आदेशों के अनुसार जिला फिरोजपुर में अवैध माइनिंग को रोकने के लिए शाम 5 बजे से सुबह 7 बजे तक छोटे खनिजों की माइनिंग करने पर पूर्णतया प्रतिबंध के आदेश जारी किए गए हैं। एक अन्य आदेश के माध्यम से अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने शेड्यूल एच-एच-1 और एक्स दवाएं बेचने वाली फार्मेसी/केमिस्ट की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के आदेश जारी किए हैं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा रिट याचिका (सिविल नंबर-36 ऑफ 2009) में पारित आदेश की रोशनी में जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में बोरवेल/ट्यूबवेल की खुदाई/मरम्मत के मद्देनजर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची कुईयां और ट्यूबवेल खोदने से लोगों और बच्चों के इन बोरवेल में गिरने के खतरे को देखते हुए जिले में बिना मंजूरी बोरवेल खोदने या गहरा करने पर रोक लगाते हुए, इसके लिए सक्षम अधिकारी से बा-शर्त मंजूरी अनिवार्य कर दी है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार जमीन मालिक के लिए बोरवेल खोदने से पहले संबंधित जिला कलेक्टर, बी.डी.पी.ओ, संबंधित ग्राम पंचायत, नगर परिषद, जन स्वास्थ्य विभाग, भूजल विभाग को 15 दिन पहले सूचित करना आवश्यक होगा।

अमनदीप अस्पताल ने उजाला सिग्नस हेल्थकेयर सर्विसेज के सहयोग से आयोजित किया मुफ़्त फ़ाइब्रोस्कैन जांच शिविर

डेली आवाज भारती



मुफ़्त फ़ाइब्रोस्कैन जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए गणमांय एवं प्रबंधक और कैंप में अपना टैस्ट करवाते हुए मरीज।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर-मोगा रोड स्थित अमनदीप अस्पताल में उजाला सिग्नस हेल्थकेयर सर्विसेज के सहयोग और जिला बार एसोसिएशन फिरोजपुर के समर्थन से सोमवार को मुफ़्त फ़ाइब्रोस्कैन जांच शिविर लगाया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने लाभ उठाया। शिविर के दौरान इंटरनल मेडिसिन विभाग के डा.चरणजीत सिंह और डा.प्रदीप कुमार मित्तल ने मरीजों की जांच की और लिवर तथा पेट से संबंधित बीमारियों की रोकथाम व इलाज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण फैटी लिवर और अन्य लिवर रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए समय पर जाँच करवाना बेहद जरूरी है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार आमतौर पर लगभग 4000 रुपये की लागत वाली फ़ाइब्रोस्कैन जांच इस शिविर में पूरी तरह मुफ़्त की गई। मालूम हो कि जांच के लिए आधुनिक एआई-संचालित इकोसेंस मिनी+ 430 मशीन का उपयोग किया गया, जिससे लिवर की स्थिति का सटीक आंकलन किया गया। फ़ाइब्रोस्कैन एक नॉन-इनवेसिव जाँच है, जो फैटी लिवर और लिवर की कठोरता को शुरुआती चरण में पता लगाने में मददगार है, जिससे समय पर इलाज संभव होता है। शिविर का उद्घाटन अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर अभिषेक अरोड़ा और जिला बार एसोसिएशन फिरोजपुर के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अमनदीप अस्पताल की डायरेक्टर अमनदीप कौर ने कहा कि बदलती जीवनशैली और समय पर जाँच न होने के कारण लिवर से संबंधित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इस तरह के मुफ़्त शिविर लोगों को जागरूक करने और उन्हें उच्च स्तरीय जाँच सुविधाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ताकि गंभीर बीमारियों से समय रहते बचाव किया जा सके। अस्पताल प्रबंधन की ओर से क्षेत्र के लोगों से अपील की गई कि वह इस तरह की मुफ़्त स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाऐं। यहां बताने योगय है कि अमनदीप ग्रुप एक अग्रणी स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क के रूप में स्थापित हो चुका है, जिसमें 750 से अधिक बेड और छह मुख्य स्थानों पर 170 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएँ दे रहे हैं। यह ग्रुप अमृतसर, पठानकोट, फिरोज़पुर, श्रीनगर और तरनतारन सहित कई शहरों में स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान कर रहा है और अब तक 25 लाख से अधिक मरीजों का सफल इलाज कर चुका है।

पांच ग्राम हेरोइन एवं और नशा करने वाले सामान सहित चार गिरफ्तार

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम एवं थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से पांच ग्राम हेरोइन और नशा करनेवाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर कालु पुत्र विजय कुमार वासी हनुमान मंदिर गुरुहरसहाय को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामले में थाना लक्खोके बहराम के एएसआई त्रिलोक सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का सेवन करते हुए छिंद्रपाल सिंह उर्फ रम्मा पुत्र हरजिन्द्र सिंह उर्फ शशी वासी गांव करी कलां, लवप्रीत सिंह उर्फ लव पुत्र नवनीत सिंह उर्फ काला व लवप्रीत सिंह उर्फ लव पुत्र सुखदेव सिंहब उर्फ सुखा वासी गांव लक्खोके बहराम को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन, 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है।

विधायक रणबीर भुल्लर ने 'मेरा घर-मेरा नाम' योजना के तहत 49 लाभार्थियों को बांटे संपत्ति के मालकी हक वाले प्राप्टी कार्ड

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर में विधायक रणबीर सिंह भुल्लर लाभार्थियों को उनके संपति के मालकी हक वाले प्राप्टी कार्ड वितरित करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): विधायक फिरोजपुर शहरी स. रणबीर भुल्लर सिंह भुल्लर द्वारा पंजाब सरकार द्वारा लाल लकीर के निवासियों को उनकी संपत्ति का हक देने के लिए शुरू की गई 'मेरा घर-मेरा नाम' योजना के तहत फिरोजपुर शहरी हलके के गांव पधरी में 49 लाभार्थियों को संपत्ति के मालकी हक वाले प्राप्टी कार्ड वितरित किए गए। इस संबंध में गांव पधरी में आयोजित समारोह के दौरान विधायक स.रणबीर भुल्लर सिंह भुल्लर ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई 'मेरा घर-मेरा नाम' योजना का मुख्य उद्देश्य लाल लकीर के अंदर रहने वाले पंजाब के प्रत्येक योग्य परिवार को अपने घर की मालकी का हक दिलाना है। उन्होंने कहा कि गांवों में बहुत से परिवार दशकों से लाल घेरे के अंदर रह रहे हैं, जिनके पास मालिकाना हक का औपचारिक रिकॉर्ड ना होने के कारण उन्हें अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, और इस योजना ने ऐसी सभी समस्याओं का जड़ से समाधान कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस जन-हितैषी पहल ने लाल लकीर के निवासियों के सम्मान और सुरक्षा को ओर मजबूत किया है। मालिकाना हक मिलने से लोगों के भीतर अपने घरों की देखभाल, सुधार और भविष्य की योजना बनाने का भरोसा और बढ़ेगा और वह अपनी संपत्तियों को खरीद-बेच सकेंगे, जिनकी संपत्तियों का पूरा विवरण अब राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज होगा। इस दौरान प्राप्टी कार्ड प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने पंजाब सरकार और विधायक रणबीर भुल्लर का धन्यवाद किया। इस अवसर पर तहसीलदार फिरोजपुर हरविंदर पाल सिंह, चेयरमैन मार्केट कमेटी हरमीत सिंह खाई, चेयरमैन ब्लॉक समिति दिलबाग सिंह नड्डा, गुरभेज सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

पंचकूला एंट्री पॉइंट से पीरमुछल्ला तक होगा सौंदर्यीकरण

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल

हलका विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने जीरकपुर में विकास कार्यों को गति देते हुए पंचकूला एंट्री पॉइंट से पीरमुछल्ला तक सौंदर्यीकरण के कार्य का नींव पत्थर रखा। इस परियोजना के तहत सड़क के दोनों तरफ फुटपाथों का निर्माण करने के साथ-साथ पौधे भी लगाए जाएंगे। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को पैदल चलने के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। फुटपाथों के निर्माण से पैदल राहगीरों को सुविधा मिलेगी, वहीं पौधे लगाने से क्षेत्र को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। इस मौके पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि हलके के शहरी क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करना और लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी मुख्य प्राथमिकता है।

page 4_Layout 1 12-10-2026 18:48 Page 1

गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के उप-कुलपति के नेतृत्व में कौशल विकास को मिल रही नई दिशा

हुनर मेला-1, 2026 के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मकता और व्यावहारिक दक्षता को मिला मंच









डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी की शिक्षा को कक्षाओं की सीमाओं से आगे ले जाने और विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल से जोड़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए यूनिवर्सिटी के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने आज लाइफलॉन्ग लर्निंग विभाग द्वारा आयोजित हुनर मेला-1, 2026 का उद्घाटन किया। यह मेला श्री अमृतसर साहिब की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित था। इस पहल के माध्यम से कौशल विकास, रचनात्मकता और व्यावसायिक शिक्षा के महत्त्व को रेखांकित किया गया, ताकि विद्यार्थी अपने पेशेवर जीवन में आगे बढ़ने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी बन सकें। एक वर्षीय डिप्लोमा और छह माह के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उप-कुलपति ने फैशन डिजाइनिंग, कॉस्मेटोलॉजी, आहार एवं पोषण, नैनी केयर और कंप्यूटर पाठ्यक्रमों से संबंधित प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने अपने कार्यों के बारे में जानकारी साझा की और बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान का वास्तविक जीवन में किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है।

■ श्री अमृतसर साहिब की 450वीं वर्षगांठ को समर्पित रहा हुनर मेला

विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रो. करमजीत सिंह ने उन्हें अपनी दक्षता को और निखारने, नए विचारों को अपनाने तथा स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलों के माध्यम से गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसरों के बीच संबंध को मजबूत कर रही है। शिक्षा जीवनभर चलने वाली प्रक्रिया है और ऐसे प्रयास इसे अधिक व्यावहारिक, सार्थक तथा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने में सहायक हैं। इससे पहले, लाइफलॉन्ग लर्निंग विभाग की निदेशक प्रो. (डॉ.) वरिंदर कौर ने अपनी विभागीय टीम के साथ उप-कुलपति प्रो. करमजीत सिंह और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) सतनाम सिंह देओल, डीन विद्यार्थी कल्याण; प्रो. (डॉ.) एम. एल. सिंह, चेयरपर्सन, सी.पी.सी.; प्रो. (डॉ.) जतिंदर कौर, निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.; प्रो. (डॉ.) शालिनी बहल; प्रो. (डॉ.) मनिंदर कौर; डॉ. परमबीर सिंह मल्ही और डॉ. सचिन कुमार भी उपस्थित थे।

रेलवे स्टेशन पर बस रेड के माध्यम से विशेष टिकट जांच अभियान:अधिकारी

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल द्वारा बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध लगातार विशेष टिकट जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार के निर्देश पर फिरोजपुर कैंट और जालंधर सिटी रेलखंड पर बस रेड के माध्यम से विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टिकट जांच कर्मचारियों एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में औचक टिकट जांच की। जांच के दौरान बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा कर रहे 328 यात्रियों को पकड़ा गया तथा उनसे 2,78,835 का रेल राजस्व वसूल किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने बताया कि फिरोजपुर कैंट-जालंधर सिटी रेलखंड पर बिना



रेलवे स्टेशन पर बस रेड के माध्यम से चलाए गए टिकट जांच अभियान में यात्रियों की टिकट जांच करते हुए कर्मचारी।

टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया। बस रेड के तहत टिकट जांच दल बस के माध्यम से इस रेलखंड पर स्थित विभिन्न स्टेशनों पर पहले ही पहुंच गए और वहां से गुजरने वाली ट्रेनों तथा स्टेशन परिसर में औचक टिकट जांच की गई। फिरोजपुर मंडल यात्रियों से अपील करता है कि हमेशा उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा टिकट जांच में रेलवे कर्मचारियों का सहयोग करें। यात्रियों को बेहतर एवं सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए आने वाले दिनों में भी इस तरह के विशेष टिकट जांच अभियान जारी रहेंगे।

कार्तिक मास में 22 अक्टूबर से निकलेगी प्रभात फेरी, हरिनाम संकीर्तन से गूंजेगा



डेली आवाज भारती

जालंधर/बलजीत सिंह : श्री चैतन्य महाप्रभु श्री राधा माधव मंदिर, प्रताप बाग में कार्तिक मास की तैयारियों को लेकर विशेष बैठक आयोजित श्री चैतन्य महाप्रभु श्री राधा माधव मंदिर, प्रताप बाग में कार्तिक मास के पावन आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर के सदस्यों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर के प्रधान श्री अमित चड्ढा जी ने की। बैठक में कार्तिक मास के दौरान आयोजित होने वाली प्रभात फेरियों, हरिनाम संकीर्तन, दीपदान एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान श्री अमित चड्ढा जी ने जालंधर के सभी श्रद्धालुओं को निमंत्रण देते हुए कहा कि कार्तिक मास भक्ति, सेवा और प्रभु के नाम-स्मरण का पावन अवसर है। उन्होंने सभी भक्तों से प्रभात फेरी में शामिल होकर हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सहभागिता इस धार्मिक आयोजन की शोभा और गरिमा को और बढ़ाएगी। मंदिर के महासचिव श्री राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कार्तिक मास के उपलक्ष्य में प्रभात फेरियों का शुभारंभ 22 अक्टूबर को पाशांकुशा एकादशी के पावन अवसर पर होगा। ये प्रभात फेरियां 20 नवंबर को देवोत्थान एकादशी तथा अखिल भारतीय श्री चैतन्य गौड़ीय मठ के संस्थापक, नित्यलीला प्रविष्ट विष्णुपाद 108 श्री श्रीमद् भक्ति दयित माधव गोस्वामी महाराज जी की प्रकट तिथि तक निकाली जाएंगी।

किसान द्वारा सब-सिडी पर बेलर लेकर पराली प्रबंधन में दिया जा रहा महत्वपूर्ण योगदान

■ कृषि अधिकारी डा.बलविन्द्र सिंह ने किसानों के खेतों का दौरा कर पराली प्रबंधक का लिया जायजा

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर में पराली के उचित प्रबंधन और पराली जलाने की प्रथा को रोकने के लिए किसानों द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत ब्लॉक ममदोट के गांव लखा हाजीके किसान स.जसगीर सिंह पुत्रप्यारा सिंह ने कृषि विभाग से सब-सिडी पर बेलर प्राप्त कर पराली प्रबंधन का काम शुरू किया है। मालूम हो कि किसान स.जसगीर सिंह द्वारा अपने गांव लखा हाजी और आसपास के गांवों में बेलर की मदद से धान की पराली की गांठें बनाई जा रही हैं, जिससे पराली को खेतों में आग लगाने के बजाय उसके उचित प्रबंधन और



कृषि अधिकारी डा.बलविन्द्र सिंह किसानों के खेतों का दौरा करके पराली प्रबंधन का जायजा लेते हुए।

उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी डा. बलविंदर सिंह ने किसान के खेतों का दौरा कर बेलर द्वारा किए जा रहे पराली प्रबंधन के काम का जायजा लिया। उन्होंने किसान के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि कृषि मशीनरी के उपयोग से पराली का उचित प्रबंधन किया जा सकता है और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलती है। उन्होंने जिले के अन्य किसानों से भी अपील की कि वह पराली को आग न लगाएं और बेलर, सुपर सीडर व अन्य कृषि मशीनरी का उपयोग करके पराली का योग्य प्रबंधन करें। इससे जहां पर्यावरण की सुरक्षा होगी, वहीं मिट्टी की उर्वर शक्ति को बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

पंजाब में ईडी की बड़ी कार्रवाई, निलंबित डीआईजी एचएस भुल्लर गिरफ्तार

चंडीगढ़,। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के तत्कालीन डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) हरचरण सिंह भुल्लर को गिरफ्तार किया और एक स्पेशल कोर्ट (पीएमएलए) से उनकी आठ दिन की कस्टडी हासिल की। इसको लेकर ईडी ने सोमवार को अपने एक आधिकारिक बयान में बताया कि ईडी के चंडीगढ़ जोनल ऑफिस-द्ध ने 9 अक्टूबर को भ्रष्टाचार और आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 की धारा 19 के तहत भुल्लर को गिरफ्तार किया। बयान में आगे कहा गया कि भुल्लर की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने उसे चंडीगढ़ की स्पेशल कोर्ट (पीएमएलए) में पेश किया, जिसने उसे आठ दिन की ईडी कस्टडी में भेज दिया। इससे पहले इसी मामले में ईडी ने 18 सितंबर को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत कृशानू शारदा को गिरफ्तार किया था, जो भुल्लर के लिए बिचौलिए के तौर पर काम करता था।

गांव अकालगढ़ में नए ट्रांसफार्मर और तारों से बिजली आपूर्ति होगी सुचारू, लोगों को मिलेगी राहत

सरपंच गुरजंट सिंह और पंचायत के प्रयासों से गांववासियों को बिजली की समस्या से मिलेगी राहत

डेली आवाज भारती

कुराली संदीप अकालगढ़िया : गांव अकालगढ़ में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने और लोगों को लंबे समय से आ रही परेशानियों से राहत दिलाने के लिए पंचायत की ओर से अहम प्रयास किया गया है। गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाने के साथ-साथ बिजली की नई तारें भी बिछाई गई हैं। इस कार्य से गांव के संबंधित क्षेत्र के लोगों को बिजली आपूर्ति में सुधार होने और रोजमर्रा की समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। पहले पुराने ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड पड़ने के कारण फ्यूज बार-बार उड़ जाता था। इसके साथ ही बिजली की पुरानी तारें भी कमजोर हो चुकी थीं, जिसके कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित होती थी और लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित क्षेत्र के लिए अलग ट्रांसफार्मर लगाया गया है और



नई तारें बिछाई गई हैं, ताकि बिजली के लोड को विभाजित किया जा सके और पहले से चल रहे ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त दबाव कम हो सके। इससे बिजली आपूर्ति में सुधार होने और बार-बार फ्यूज उड़ने जैसी समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है। विशेष रूप से गर्मियों के मौसम में बिजली की खपत बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर और तारों पर अधिक दबाव पड़ता है। नए ट्रांसफार्मर और नई तारें लगने से इस समस्या को कम करने में मदद मिलेगी तथा गांव के संबंधित क्षेत्र के लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलने की उम्मीद है। गांव में करवाया गया यह कार्य लोगों की बुनियादी जरूरत को पूरा करने और बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गांव के सरपंच गुरजंट सिंह और पंचायत सदस्यों के सहयोग से करवाए गए इस कार्य से ग्रामीणों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर बलदेव सिंह, धर्म खान, सुखविंदर सिंह और हरमेश सिंह उपस्थित थे।

नगर निगम अमृतसर की मीट की दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

कारखाना बाजार में कच्चे मीट की चार दुकानें सील

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी। नगर निगम अमृतसर के एस्टेट विभाग द्वारा आज वॉल्ड सिटी के अंतर्गत सुल्तानविंड गेट के अंदर स्थित कारखाना बाजार में कच्चे मीट की दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान चार कच्चे मीट की दुकानों को सील कर दिया गया।

यह कार्रवाई अमृतसर की वॉल्ड सिटी को पवित्र नगरी घोषित करने संबंधी सरकारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने तथा श्री गुरु रामदास जी के आगामी गुरुपर्व के मद्देनज़र ऐतिहासिक शहर की धार्मिक मर्यादा एवं पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। यह अभियान एस्टेट विभाग की टीम द्वारा एस्टेट ऑफिसर श्री धर्मिंदरजीत सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान स्लॉटर हाउस विभाग की टीम, जिसका नेतृत्व डॉ. दरसगन कश्यप ने किया, तथा थाना बी डिवीजन के एसएचओ और उनकी पुलिस टीम ने सहयोग



दिया। पूरी कार्रवाई सचिव-कम-एस्टेट ऑफिसर श्री सुशांत भाटिया की निगरानी में तथा नगर निगम आयुक्त श्री बिक्रमजीत सिंह शेरगिल, आईएएस, और अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त डॉ. जय इंदर सिंह के निर्देशों के अनुसार की गई।

कार्रवाई के दौरान संबंधित दुकानदारों ने कथित तौर पर अदालत से स्टे ऑर्डर होने की बात कही, लेकिन मौके पर वे कोई भी संबंधित न्यायालयी आदेश प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद नगर निगम की टीम ने लागू निर्देशों एवं संबंधित नियमों के अनुसार कार्रवाई करते हुए चार दुकानों को सील कर दिया। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वॉल्ड सिटी को पवित्र नगरी घोषित करने संबंधी सरकारी निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिकता है। इसके साथ ही ऐतिहासिक शहर की स्वच्छता, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा और पवित्र वातावरण बनाए रखना भी आवश्यक है, विशेषकर श्री गुरु रामदास जी के गुरुपर्व के पावन अवसर से पहले। इस दौरान वॉल्ड सिटी के भीतर मीट और तंबाकू का कारोबार करने वाले दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे लागू सरकारी निर्देशों के अनुसार अपना कारोबार निर्धारित वॉल्ड सिटी क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित कर लें। उन्हें स्पष्ट किया गया कि निर्देशों का उल्लंघन जारी रखने पर नगर निगम द्वारा लागू नियमों के अनुसार और सख्त कार्रवाई की जा सकती है। नगर निगम अमृतसर ने स्पष्ट किया कि वॉल्ड सिटी में नियमों का उल्लंघन करने वाली व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। सभी संबंधित दुकानदारों को निर्देशों का पालन करने तथा ऐसी किसी भी गतिविधि से बचने की सलाह दी गई है, जिसके कारण उनके विरुद्ध आगे कार्रवाई करनी पड़े। नगर निगम ने सभी व्यापारियों एवं शहरवासियों से अपील की कि वे प्रशासन और नगर निगम के साथ सहयोग करें तथा अमृतसर की ऐतिहासिक विरासत, स्वच्छता और वॉल्ड सिटी की धार्मिक मर्यादा को बनाए रखने में अपना योगदान दें, ताकि श्री गुरु रामदास जी के पावन गुरुपर्व की तैयारियां उचित वातावरण में संपन्न की जा सकें।

त्योहारों का जलवा-सीज़न 4: नवरात्रि के रंग, कौर सिस्टर्स के संग

डेली आवाज भारती

जालंधर/बलजीत सिंह : नवरात्रि के पावन अवसर पर रंग, उमंग, भक्ति और उत्साह से भरपूर कार्यक्रम ÷त्योहारों का जलवा ङ्क सीज़न 4ः नवरात्रि के रंग, कौर सिस्टर्स के संग÷ का आयोजन बेस्ट वेस्टर्न होटल, जालंधर में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और माँ दुर्गा की वंदना के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण ने कार्यक्रम को एक आध्यात्मिक एवं उत्सवपूर्ण शुरुआत प्रदान की। इस खास आयोजन में राजन सायल ने होस्ट के रूप में अपनी शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चाँद लगाए, जबकि शोस्टॉपर के रूप में उन्होंने अपनी खास मौजूदगी





दर्ज कराई। उनकी प्रभावशाली एंकरिंग ने कार्यक्रम को मनोरंजक और यादगार बनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सेलिब्रिटी गेस्ट प्रिया सिंह प्रीत, जिन्हें 'कभी नूह' के नाम से भी जाना जाता है, की उपस्थिति रही। उनकी मौजूदगी ने आयोजन की रौनक को और बढ़ाया तथा उपस्थित मेहमानों के बीच खास उत्साह देखने को मिला। नवरात्रि के पारंपरिक रंगों और भारतीय संस्कृति को समर्पित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने डांडिया और गरबा की शानदार प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया। संगीत की धुनों पर थिरकते कदमों और डांडिया की खनक ने पूरे माहौल को उत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में सोनिया विर्दी, शीली खन्ना, डॉ. विधि, रसनीत, रितिका मारवाह, गगनदीप कौर भोगल, एडवोकेट सुखबीर कौर, अंडरग्राउंड स्टोर, अंकीता, निकोल, मानसी भगत और रवनीत कौर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर मनोरंजक गेम्स, सांस्कृतिक गतिविधियों और आपसी मेलजोल से जुड़े कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया। हँसी-मज़ाक, संगीत और पारंपरिक नृत्य ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया।

भगवान वाल्मीकि महाराज जी के प्रगट उत्सव संबंधी बस्तिआत इलाके में 23 अक्तूबर को निकाली जाएगी शोभा यात्रा

■ कैबिनेट मंत्री, डिप्टी कमिश्नर और चेयरमैन पंजाब राज्य सफाई कर्मचारी कमीशन ने लिया तैयारियों का जायजा

डेली आवाज भारती

जालंधर,बलजीत सिंह। पंजाब के बागवानी, स्वतंत्रता सेनानी और रक्षा सेवाएं कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत, डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया और पंजाब राज्य सफाई कर्मचारी कमीशन के चेयरमैन चंदन ग्रेवाल ने भगवान वाल्मीकि महाराज जी के प्रगट उत्सव संबंधी 23 अक्तूबर को शहर के बस्तिआत इलाके में निकाली जाने वाली विशाल शोभा यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया।



कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत, डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया और चेयरमैन चंदन ग्रेवाल द्वारा आज इस संबंध में स्थानीय जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक की गई। कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि बस्तिआत इलाके में शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा, वाहनों की पार्किंग, आवाजाही के लिए वैकल्पिक रूट, शोभा यात्रा के रूट पर सफाई एवं सजावट, मेडिकल टीमों की तैनाती, निर्बाध बिजली समेत सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्री भगत ने कहा कि भगवान वाल्मीकि महाराज जी के प्रगट उत्सव समारोह पूरी श्रद्धा और धार्मिक मर्यादा के साथ मनाए जाएंगे। उन्होंने लोगों को भगवान वाल्मीकि महाराज जी के प्रगट उत्सव समारोहों में श्रद्धा भाव से बढ़-चढ़कर भाग लेने और उनके द्वारा बताए गए सत्य, नेकी, मानवता और नैतिकता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

page 5_Layout 1 12-10-2026 21:37 Page 1

अज्ञात चोर बिजली के बॉक्स में लगे मीटरों की तारें की चोरी कर फरार, चोर सीसीटीवी कैमरें में हुआ कैद

शहर में कई अन्य जगहों पर चोरों ने चोरी की वरदात को दिया अंजाम, लोग परेशान

डेली आवाज भारती



मीटरों से चोरी हुई तार के संबंध में जानकारी देते हुए दुकानदार।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहर में चोरियों का सिल-सिला रुकने का नाम नहीं ले रही हैं और आए दिन चोर बेखौफ होकर चोरियों को अंजाम दे रहे हैं। दूसरी तरफ पुलिस इन चोरों को पकडने में नाकाम साबित हो रही है। मालूम हो कि शहर के पुराने बस अड्डे पर काम कर रहे दुकानदारों के दुकान के बाहर लगे बिजली के बॉक्स के अंदर लगे मीटरों से बीती रात अज्ञात चोर तारें चोरी करके ले गए हैं और इसके साथ ही शहर में कई अन्य अलग-अलग जगहों पर भी चोरों ने चोरियों की वारदातों को अंजाम दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए दुकानदार जिम्मी मंचंदा, विनोद सोनी, बलजीत सिंह, दीपक मौंगा, गुरप्रीत और बॉबी गल्होत्रा ने बताया कि उनकी दुकानें शहर के पुराने बस अड्डे पर हैं और उनके मीटर दुकान के बाहर लगे बॉक्स में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जब वह सुबह अपनी दुकानों पर आए तो देखा मीटर वाला बॉक्स खुला हुआ था, जिसमें से चोर कई मीटरों की तारें चोरी करके ले गए थे। दुकानदारों ने बताया कि इस चोरी के संबंध में उन्होंने बिजली विभाग के कर्मचारियों को जलालाबाद में शिकायत दर्ज करा दी गई है और साथ ही शहर के ही बिजली विभाग के कर्मचारियों को मीटरों की नई तारें डालने के लिए कहा तो विभाग के अधिकारी ने कहा कि आप अपनी तारें खुद लेकर आओ तभी हम इसे ठीक करेंगे। दुकानदारों ने कहा कि उनके द्वारा कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों को बॉक्सों को ताला लगाने संबंधी भी कहा गया पर उनके द्वारा इन बॉक्सों को ताला नहीं लगाया गया और बॉक्स हर वक्त खुले ही रहते हैं। जिस कारण चोरों ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसके साथ ही शहर की गली नंबर 5 और 7 में से भी पिछले दिनों चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था और घर के बाहर लगी मोटर की तारें चोरी करके ले गए चोर की फोटो घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। इसके साथ ही गली नंबर 7 से भी घर के बाहर लगी पानी निकालने वाली मोटर भी चोर चोरी करके ले गए। शहर में लगातार हो रही चोरियों से लोग परेशान हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन चोरों को जल्दी पकड़ा जाए, ताकि उन्हें चैन की सांस मिल सके। नहीं तो चोरों के हौसले बढ़ते ही जाएंगे और वह चोरियां अंजाम देते ही रहेंगे। शहर वासियों ने कहा शहर में रात को गश्त भी बढ़ाई जाए।

प्रभारी सचिव अजीत बाला जोशी द्वारा विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं संबंधी अधिकारियों के साथ बैठक

- विकास कार्यों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के दिए निर्देश

डेली आवाज भारती



प्रभारी सचिव अजीत बाला जोशी अधिकारियों के साथ फिरोजपर में बैठक करते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): प्रभारी सचिव अजीत बाला जोशी द्वारा फिरोजपुर का दौरा करते हुए जिले में चल रहे विकास कार्यों, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली और पंजाब सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक के दौरान उन्होंने विकास कार्यों के लिए जारी किए गए फंडों के उपयोग, परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सरकारी सेवाओं के बारे में विस्तार से समीक्षा की। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थीं। बैठक के दौरान प्रभारी सचिव अजीत बाला जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में चल रहे सभी विकास कार्य निर्धारित समय के भीतर और तय मापदंडों के अनुसार गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए प्राप्त सरकारी फंडों का पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से उपयोग किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न होने दी जाए। उन्होंने जिले में चल रहे धान की खरीद व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग में चल रही योजनाओं/विकास कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि पंजाब सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक योग्य लाभार्थी तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों को आपसी तालमेल से काम करने और आम लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के लिए कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड में जाकर विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की जांच करने का निर्देश भी दिया, ताकि जिले के विकास कार्यों को प्रभावी और समयबद्ध ढंग से पूरा किया जा सके। बैठक में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर डा.अमनदीप कौर, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) कृष्णा पाल राजपूत, एस.डी.एम फिरोजपुर अभिषेक शर्मा, डी.एफ.एस.सी वंदना कंबोज, उप जिला शिक्षा अधिकारी (सेकेंडरी) डा.सतिन्द्र सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी (एलिमेंट्री) कोमल अरोड़ा और सहायक सिविल सर्जन डा.सुषमा ठक्कर सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

खिजराबाद में चेयरमैन राणा कुशलपाल की अगुवाई में उमड़ा भारी जनसैलाब, हलका इंचार्ज परविंदर गोल्डी ने किया संबोधित

डेली आवाज भारती



मजरी/खिजराबाद (खरड़): (हरतेज सिंह तेजी) : खरड़ हलके के ब्लॉक मजरी के समीप स्थित गांव खिजराबाद में कुराली मंडी बोर्ड के चेयरमैन राणा कुशलपाल की अगुवाई में एक विशाल लोक मेले व जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हुए, जिन्हें संबोधित करने के लिए खरड़ हलके के नवनियुक्त इंचार्ज परविंदर सिंह गोल्डी विशेष तौर पर पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए हलका इंचार्ज परविंदर गोल्डी ने पंजाब सरकार की उपलब्धियों का खुलकर बखान किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार गांवों की नुहार तेजी से बदल रही है और सूबे में विकास कार्य ऊंचे स्तर पर चल रहे हैं।

सरकार ने पूरी कीं 2022 की सभी गारंटियां

गोल्डी ने दावा किया कि पंजाब की मौजूदा सरकार ने साल 2022 के दौरान जनता को दी गई अपनी तमाम गारंटियों को पूरी तरह पूरा कर दिया है। आज राज्य के आम नागरिकों के घरों में बिजली के बिल शून्य (जीरो) आ रहे हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा और अन्य कई जनकल्याणकारी गारंटियां भी सफलतापूर्वक लागू कर दी गई हैं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि पंजाब की जनता सरकार के कामकाज से बेहद संतुष्ट है और आने वाले समय में एक बार फिर से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार बैठी है। कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में पहुंचे लोगों का उत्साह देखते ही बनता था।

ऑटो में चोरी की सूचना मिली तो सुषमा ने किया पीछा, जीरकपुर में महिला को पकड़वाया

डेली आवाज भारती





जीरकपुर/तरणप्रीत गिल। ऑटो में सफर करने वाली बुजुर्ग महिलाओं के पर्स से नकदी और कीमती सामान चोरी करने के आरोप में एक महिला को पकड़ा गया है। पंचकूला निवासी सुषमा ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी महिला को जीरकपुर में पकड़कर पुलिस के हवाले किया। आरोप है कि महिला पिछले कई दिनों से इसी रूट पर ऑटो में सफर करने वाली महिलाओं को निशाना बना रही थी। पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है। सुषमा ने बताया कि वह पंचकूला के डीसी ऑफिस में काम करती हैं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह ऑफिस जाने के लिए ऑटो में बैठने लगीं तो एक ऑटो चालक ने उन्हें आगे चल रहे ऑटो में बैठी महिला के बारे में बताया। चालक के अनुसार, उक्त महिला रोजाना इस रूट पर सफर करती थी और चलते ऑटो में यात्रियों का सामान चोरी कर लेती थी। यह जानकारी मिलने पर सुषमा ने ऑटो चालक को आगे जा रहे ऑटो का पीछा करने के लिए कहा। पीछा करते हुए वे जीरकपुर पहुंचे। कालका चौक से पहले ऑटो रुकने पर सुषमा ने संदिग्ध महिला को रोक लिया और उसके साथ बैठी बुजुर्ग महिला सरोज बाला को अपना पर्स चेक करने के लिए कहा। जांच करने पर सरोज बाला के पर्स से 1000 रुपये गायब मिले। आरोप है कि इसके बाद महिला ने ब'चे के साथ भागने की कोशिश की, लेकिन सुषमा ने आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी महिला को थाने ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बच्चो की आड़ में पर्स से निकालती थी नकदी

***शुरुआती** जानकारी के अनुसार, आरोपी महिला अपने साथ एक ब'चे को लेकर ऑटो में सफर करती थी। आरोप है कि ऑटो में अन्य सवारियां बैठने के बाद वह ब'चे को उनके सामने खड़ा कर देती थी और उसकी आड़ में महिलाओं के पर्स से नकदी व अन्य कीमती सामान निकाल लेती थी। इसके बाद वह ब'चे के साथ रास्ते में उतर जाती थी। ऑटो चालकों के अनुसार, वे महिला को कई दिनों से इस रूट पर आते-जाते देख रहे थे। हालांकि, पहले कोई उसे पकड़ नहीं पाया था। सोमवार को पंचकूला निवासी सुषमा ने सतर्कता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर मामले की आगे जांच कर रही है।*

अमृतसर में कैंब्रिज स्कूल के पास मिला राइफल, पुलिस ने मिलिट्री इंटेलिजेंस की सूचना पर किया बरामद

- सूचना मिलते ही तलाशी अभियान चलाने का फैसला
- हथियार पीले रंग के लिफाफे में लपेटकर रखा गया था

डेली आवाज भारती



एएसआई सरवन सिंह की अगुवाई में तलाशी अभियान

मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिली जानकारी के आधार पर स्ब्ब सरवन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खुफिया विभाग के कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से इलाके की तलाशी ली। इस दौरान खाली प्लॉटों में एक पीले रंग के लिफाफे में लपेटकर रखी गई असॉल्ट राइफल बरामद हुई। हथियार मिलने के बाद पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

अमृतसर/सलोनी नेहा गिल : अमृतसर में लुहारका रोड स्थित कैंब्रिज स्कूल के पास खाली प्लॉटों से एक असॉल्ट राइफल बरामद हुई है। थाना कंबो के पुलिसकर्मियों ने मिलिट्री इंटेलिजेंस अमृतसर के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। हथियार पीले रंग के लिफाफे में लपेटकर रखा गया था। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार को खाली प्लॉट में किसने छिपाया था और इसके पीछे क्या वजह थी। जानकारी के मुताबिक, अमृतसर देहाती पुलिस जिले के अंतर्गत आने वाले थाना कंबो की पुलिस को मिलिट्री इंटेलिजेंस अमृतसर की ओर से सूचना मिली थी कि लुहारका रोड पर कैंब्रिज स्कूल के नजदीक खाली प्लॉटों में हथियार या गोला-बारूद छिपाकर रखा गया हो सकता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित इलाके में तलाशी अभियान चलाने का फैसला किया।

लुधियाना के इमीग्रेशन ऑफिस पर हमला, पैसों की मांग और धमकियों के बाद फायरिंग

- पुलिस आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही
- स्पष्ट नहीं-धमकी देने वाले कौन थे और कितनी रकम मांगी थी

डेली आवाज भारती

2-3 राउंड फायरिंग की और अपने साथी के साथ मौके से फरार



लुधियाना। लुधियाना के पॉश इलाके मॉडल टाउन में एक इमीग्रेशन ऑफिस पर फायरिंग की घटना सामने आई है। घटना रविवार देर रात की है। रविवार देर रात पीछे बैठे युवक ने दफ्तर पर 2-3 राउंड फायरिंग की और अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पीड़ित को पहले धमकियां मिलने और पैसों की मांग किए जाने की बात सामने आई है। मॉडल टाउन थाना इंचार्ज गुरशिंदर कौर ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

पहले भी मिल चुकी हैं धमकियां

जांच में सामने आया पीड़ित को पहले भी धमकियां मिली थीं और पैसों की मांग की जा रही थी। हालांकि, अभी स्पष्ट नहीं हुआ है कि धमकी देने वाले कौन थे और कितनी रकम मांगी गई थी। पुलिस जांच कर रही कि दफ्तर पर फायरिंग का संबंध पहले मिली धमकियों और पैसों की मांग से है या नहीं।

अमृतसर पुलिस कमिश्नर ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

अमृतसर। पंजाब में एक बार फिर से धमकी आई है। इस बार अमृतसर पुलिस कमिश्नर ऑफिस को बम से उड़ाने की थ्रेट मेल आई है। धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और कमिश्नर-डीसी ऑफिस व कोर्ट कॉम्पलैक्स में स्पेशल सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि चैकिंग के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस की टीमें लगातार सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रही हैं और जरूरत के अनुसार चेकिंग भी की जा रही है। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सतर्क है और किसी भी इनपुट को हल्के में नहीं लिया जा रहा है। डीसीपी जुगराज सिंह ने कहा कि पुलिस टीमों ने सभी जगहों की अच्छी तरह से जांच की है लेकिन इस दौरान कोई भी संदिग्ध चीज या एक्टिविटी नहीं मिली। तीनों कॉम्प्लेक्स में हालात पूरी तरह से नॉर्मल और शांतिपूर्ण पाए गए हैं।

महिला रामलीला में नारी शक्ति का दमदार प्रदर्शन, श्रीराम के आदर्शों से दिया संस्कारों का संदेश

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया पांचवीं महिला रामलीला का उद्घाटन, 108 महिलाओं और बेटियाँ निभा रहीं रामायण के पात्र

डेली आवाज भारती



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जीरकपुर के पीरमुछल्ला स्थित चिनार होम्स में आयोजित पांचवीं महिला डिजिटल रामलीला का उद्घाटन किया। 'दिव्यविस्ता जड़ों से जुड़ो' की इस पहल में महिलाओं और बेटियों ने अपनी प्रतिभा, अभिनय और आत्मविश्वास से रामायण के विभिन्न पात्रों को जीवंत किया। इस वर्ष 108 महिलाएं और बेटियां रामलीला में भाग ले रही हैं। उद्घाटन के मौके श्री कुमार स्वामी जी की विशिष्ट उपस्थिति रही । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ÷नारी शक्ति हमारी संस्कृति और समाज की आधारशिला है। महिलाओं द्वारा रामायण के पात्रों का मंचन करना भारतीय संस्कृति, संस्कारों और महिला सशक्तीकरण का सुंदर उदाहरण है। ऐसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने के साथ महिलाओं की प्रतिभा और आत्मविश्वास को भी मंच प्रदान करते हैं। रामलीला में माताओं और बहनों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से सत्य, धर्म, त्याग और मर्यादा के संदेश को प्रस्तुत किया। आधुनिक डिजिटल तकनीक, एआई, प्रकाश और ध्वनि के संयोजन से तैयार यह आयोजन परंपरा और आधुनिकता का संगम है। आयोजक अरुण सूद और एकता नागपाल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को सहेजना तथा नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है। भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करने का संदेश भी दिया गया।

पंजाब में एएसआई की हत्या करने वाले का पुलिस ने किया एनकाउंटर, अबतक तीन आरोपी अरेस्ट

डेली आवाज भारती

अमृतसर। अमृतसर में एएसआई की हत्या के मामले में आरोपी का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। इस मामले में पुलिस अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। वारदात से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी को वारदात वाली जगह पर लेकर जाया जा रहा था। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस की राइफल छीन ली और फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हुए आरोपी को अजनाला के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि हत्या में अन्य लोगों की भूमिका थी या नहीं।

मंदिर में चोरी के बाद शिवलिंग पर पैर रखता दिखा आरोपी, गिरफ्तार

- मोना ग्रीन सोसायटी के मंदिर की गुल्लक से नकदी चुराने का मामला, बलटाना निवासी मुहम्मद हारून पर वीआईपी रोड के अन्य मंदिरों में चोरी का भी शक

डेली आवाज भारती

सीसीटीवी फुटेज में कैश चोरी करता दिखा आरोपी

मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक व्यक्ति नकदी चोरी करता दिखाई दिया। शिकायत के अनुसार, फुटेज में वह शिवलिंग पर पैर रखते हुए भी नजर आया। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। शिकायतकर्ता के अनुसार, अगले ही दिन संदिग्ध व्यक्ति इलाके में घूमता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर अन्य मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं के संबंध में जांच कर रही है।

जीरकपुर/तरणप्रीत गिल। वीआईपी रोड स्थित मंदिरों में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुहम्मद हारून निवासी मकान नंबर 41, गिल कॉलोनी, बलटाना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 331(3) और 305 के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पर वीआईपी रोड स्थित कई मंदिरों में चोरी करने का भी आरोप है। शिकायतकर्ता नितीश सोमवाल निवासी जीरकपुर ने पुलिस को बताया कि मोना ग्रीन सोसायटी स्थित मंदिर में चोरी की घटना हुई थी। वह शाम करीब 5 बजे मंदिर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था और गुल्लक का ताला टूटा हुआ था। इसके बाद सोसायटी के सुरक्षा गार्ड और निवासियों की मौजूदगी में जांच की गई तो मंदिर से नकदी गायब मिली।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 12-10-2026 17:29 Page 1



'हार्ट कंट्रोलर' के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में उतरीं उर्वशी रौतेला, खुद के लिखे गाने गाए

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने अपने ईडीएम (इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक) ट्रैक हार्ट कंट्रोलर के साथ म्यूजिक की दुनिया में कदम रखा, जिसमें उन्होंने मुख्य गायिका और लेखिका की भूमिका निभाई। अपने म्यूजिकल सफर के बारे में बात करते हुए उर्वशी ने आईएएनएस को बताया कि वह लंबे समय से इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक की ओर आकर्षित रही हैं और अपनी ऑन-स्क्रीन इमेज से हटकर इस जॉनर को आजमाना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि यह ट्रैक उनके म्यूजिकल एक्सप्रेशन, भारतीय संस्कृति और परंपरा को एक साथ लाता है। इस बारे में बात करते हुए सनम रे की एक्ट्रेस ने कहा, भारत की पहली बॉलीवुड ईडीएम सिंगर बनकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है, जिन्हें एक फुल-लेंथ ईडीएम रिकॉर्ड/ट्रैक के लिए लीड वोकलिस्ट के तौर पर पेश किया गया है। किसी बॉलीवुड एक्ट्रेस के लिए यह पहली बार है और बॉलीवुड के इतिहास में भी ऐसा पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा, मैं लंबे समय से इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक की ओर आकर्षित रही हूं, सिर्फ अपनी इमेज को सजाने के लिए नहीं बल्कि एक ऐसे रूप के तौर पर जिसे मैं हार्ट कंट्रोलर के लिए एक वोकलिस्ट और राइटर के तौर पर अपनाना चाहती थी। यह रिलीज हो गया है। यह उन सभी के लिए है जो इस जॉनर को पसंद करते हैं और उनके लिए भी जिन्होंने कभी किसी पूरे इलेक्ट्रॉनिक ट्रैक के बीच में किसी भारतीय नाम को अकेले गूंजते हुए नहीं सुना है। उर्वशी ने कहा, यह रिकॉर्ड सिर्फ एक गाना नहीं है। इसके बोल सुनने पर महाभारत, वंश और गरिमा, भारतीय संस्कृति और परंपरा, और मेरे अपने नाम की झलक मिलती है। गाने में रौतेला नाम जान-बूझकर शामिल किया गया है- इसे धीरे और सही ढंग से बोलें। उर्वशी इसका टाइटल है। जिस अर्थ से मैंने यह गाना बनाया है, उसमें उर का मतलब है दिल और वशी का मतलब है कंट्रोल करने वाला। इसलिए हार्ट कंट्रोलर। मैं किसी और महिला के बारे में नहीं बता रही हूं। मैं बस इस नाम को गा रही हूं। जिन लोगों ने यह रिकॉर्ड सुना है, उन्होंने इसे बहुत पसंद किया है। बस इतना ही काफी है। मैं अपनी आवाज किसी और के गाने में नहीं दे रही हूं। मैं इसे खुद दुनिया के सामने, और दुनिया से परे पूरे ब्रह्मांड के सामने पेश कर रही हूं। 'हार्ट कंट्रोलर' अब सिर्फ मेरा नहीं है, यह आपका भी है। ओरिएंटल हाउस और हॉलीवुड के टॉप प्रोड्यूसर्स, असलन और तिमोर जाना के साथ यह रिकॉर्ड बनाकर मुझे बहुत खुशी और संतुष्टि मिल रही है। उर्वशी रौतेला ने सनी देओल के साथ फिल्म 'सिंह साहब द ग्रेट' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने 'सनम रे' (पुलकित सम्राट और यामी गौतम के साथ एक रोमांटिक ड्रामा), 'ग्रेट ग्रैंड मस्ती' ('मस्ती' कॉमेडी फ्रैंचाइजी की तीसरी फिल्म) और 'हेट स्टोरी 4' जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने ऋतिक रोशन की फिल्म 'काबिल' के गाने 'मोन अमूर' में भी एक स्पेशल अपीयरेंस दिया।

'सूर्या' अंत से आरंभ तक' का पोस्टर आया सामने,

अतीत और वर्तमान के बीच उलझे सनी देओल



अभिनेता सनी देओल की आगामी एक्शन और क्राइम ड्रामा फिल्म फिल्म 'सूर्या : अंत से आरंभ तक' के मेकर्स ने सोमवार को मोशन पोस्टर रिलीज किया है। अभिनेता सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर मोशन पोस्ट रिलीज किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, अतीत और वर्तमान के बीच उलझा, वो सच्चाई का पता लगाता है। पेश है आप सभी के सामने कमल मुकुट की **सूर्या:** अंत से आरंभ तक। 20 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में ।ऊ दमदार लुक में सनी देओल की पहली झलक एक ऐसे किरदार की ओर इशारा करती है, जो अपने अतीत से जूझ रहा है और एक अनसुलझे सच की तलाश में है। उनकी गहरी नजर और गंभीर अंदाज उनके अब तक के बड़े पर्दे वाले अंदाज से बिल्कुल अलग है। मोशन पोस्टर %सूर्या% की दमदार दुनिया से रूबरू कराता है, जिसकी टैगलाइन है, ऊअंत से आरंभ तक ।ऊ फिल्म की कहानी एक ऐसे शख्स की है, जो सच को उजागर करने और अनसुलझे सवालों के जवाब ढूंढने की कोशिश कर रहा है। जो शुरुआत जवाबों की तलाश के रूप में शुरू होती है, वह धीरे-धीरे एक उलझी हुई कहानी में बदल जाती है। यह हमें रहस्य, इमोशन और टकराव से भरी क्राइम ड्रामा कहानी की ओर ले जाती है। फिल्म में अभिनेता सनी देओल का एक अलग ही अंदाज देखने को मिलेगा, जिसमें जांच-पड़ताल के साथ-साथ निजी जद्दोजहद और उनकी दमदार मौजूदगी भी शामिल है। एम. पद्मकुमार द्वारा निर्देशित फिल्म में रवि किशन, जिशु सेनगुप्ता और प्रज्ञा जायसवाल भी अहम किरदारों में नजर आएंगे, जो इस क्राइम थ्रिलर को और भी दिलचस्प बनाते हैं। इसमें सनी देओल के अलावा रवि किशन, प्रज्ञा जायसवाल और जिशु सेनगुप्ता भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

गानों से जीते दिल, अतरंगी अंदाज से बटोरी सुर्खियां...

ऐसे थे हिंदी सिनेमा के मस्तमौला किशोर कुमार



हिंदी सिनेमा में कई ऐसे गायक हुए, जिनकी आवाज ने लोगों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी, लेकिन किशोर कुमार की बात ही कुछ अलग थी। उनकी आवाज में कभी प्यार की मिठास सुनाई देती थी, तो कभी जुदाई का दर्द दिल को छू जाता था। मस्ती भरे गानों से लेकर जिंदगी की गहरी भावनाओं को बयां करने वाले गीतों तक, किशोर दा ने हर अंदाज में लोगों को अपना दीवाना बनाया। हालांकि, किशोर कुमार सिर्फ अपनी गायकी के लिए ही मशहूर नहीं थे, बल्कि उनका मस्तमौला स्वभाव, बेबाक अंदाज और जिंदगी से जुड़े दिलचस्प किस्से भी काफी मशहूर थे। मध्य प्रदेश के खंडवा में 4 अगस्त 1929 को जन्मे किशोर कुमार का असली नाम आभास कुमार गांगुली था। उनके बड़े भाई अशोक कुमार हिंदी सिनेमा के मशहूर अभिनेता थे। घर में फिल्मी माहौल होने के कारण किशोर कुमार का भी मनोरंजन जगत की तरफ रुझान बढ़ा। उन्होंने साल 1948 में 'जिद्दी' के लिए अपना पहला हिंदी फिल्मी गाना गाया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपनी आवाज के दम पर संगीत की दुनिया में एक अलग पहचान बना ली। किशोर कुमार की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि वह हर तरह के गाने को अपने अंदाज में गाते थे। रोमांटिक गीत हों, दर्द भरे नगमे हों या फिर मस्ती से भरपूर गाने, उनकी आवाज हर रंग में ढल जाती थी। 'मेरे सपनों की रानी', 'रूप तेरा मस्ताना', 'ओ मेरे दिल के चैन', 'पल पल दिल के पास', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'आने वाला पल जाने वाला है' जैसे गाने आज भी लोगों की जुबान पर हैं। उन्होंने सिर्फ हिंदी ही नहीं, बल्कि बंगाली, मराठी, गुजराती, असमिया, कन्नड़, भोजपुरी और दूसरी भाषाओं में भी गाने गाए। उनकी गायकी की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दशकों बाद भी उनके गाने नए और पुराने, दोनों तरह के श्रोताओं को पसंद आते हैं। किशोर कुमार अपने अतरंगी अंदाज के लिए भी खूब मशहूर थे। जहां आमतौर पर लोग अपने घर के बाहर 'कुत्तों से सावधान' जैसा बोर्ड लगाते हैं, वहीं किशोर दा ने अपने घर के बाहर 'किशोर कुमार से सावधान' लिखवा रखा था। वह आम लोगों की तरह जिंदगी जीने के बजाय अपने नियमों पर चलना पसंद करते थे।

बिपाशा बसु का दमदार कमबैक, हंसल मेहता की 'बाराबंकी' में आएंगी नजर

अभिनेत्री बिपाशा बसु 6 साल बाद वेब सीरीज 'बाराबंकी' के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस सीरीज का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्ममेकर हंसल मेहता कर रहे हैं। इसे 'अल्माटी मोशन पिक्चर्स' के बैनर तले प्रभलीन संधू (कौर) द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। कश्यप कपूर और राघव राज ककड़ द्वारा लिखित सीरीज में बिपाशा बसु के साथ सनी कौशल और विशाल जेठवा भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह सीरीज पूर्व आईपीएस अधिकारी आलोक लाल की किताब 'द बाराबंकी नार्कोसः- बस्टिंग इंडियाज मोस्ट नोटोरियस ड्रग कार्टेल' पर आधारित है। कहानी 1984 के बैकड्रॉप पर सेट है, जो उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में फैले एक बड़े अफीम/ड्रग्स तस्करी नेटवर्क और उसे खत्म करने के पुलिस ऑपरेशन को दिखाएगी। इस सीरीज में बिपाशा बसु एक बिल्कुल अलग और अनोखे लुक में दिखाई देंगी। अभिनेत्री बिपाशा बसु की बात करें तो उन्हें आखिरी बार साल 2020 में आई वेब सीरीज 'डेंजरस' में देखा गया था। इसमें उन्होंने अपने पति करण सिंह ग्रोवर के साथ काम किया था। भूषण पटेल द्वारा निर्देशित सीरीज में बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर के अलावा, सोनाली राउत, नताशा सूरी, सुयश राय और नितिन अरोरा अहम भूमिका में नजर आए थे। इसकी कहानी लंदन में रहने वाले एक युवा व्यवसायी आदित्य धनराज (करण सिंह ग्रोवर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी पत्नी दिया (सोनाली राउत) अचानक गायब हो जाती है। आदित्य जब पुलिस की मदद से अपनी पत्नी की तलाश शुरू करते हैं, तो उन्हें पता चलता है कि इस केस की जांच अधिकारी नेहा सिंह (बिपाशा बसु) हैं, जो आदित्य की एक्स-गर्लफ्रेंड (पूर्व प्रेमिका) रह चुकी हैं। जांच आगे बे ने पर यह गुमशुदगी अपहरण और फिरौती के मामले में बदल जाती है, साथ ही इसमें बिजनेस की प्रतिद्वंद्विता और कई छिपे हुए रहस्य सामने आते हैं।



CMYK

page 7_Layout 1 12-10-2026 16:40 Page 1

नई दिल्ली : विपक्ष का चलो दिल्ली मार्च शुरू, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल, राहुल बोले- यह संविधान बचाने की मुहिम है

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त (ष्ट्श्वष्ट) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) विवाद को लेकर विपक्षी दलों का विरोध प्रदर्शन और तीव्र हो गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और अन्य विपक्षी सांसद बस में सवार होकर कनॉट प्लेस-बाराखंभा रोड जंक्शन से सुप्रीम कोर्ट की ओर रवाना हो गए हैं। विपक्ष का यह मार्च 'चलो दिल्ली मार्च फॉर डेमोक्रेसी' के बैनर तले निकाला जा रहा है। 'यह शिवजी की बारात की तरह': मार्च शुरू होने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि इस मार्च में कोई भी शामिल हो सकता है और यह किसी सरकार के खिलाफ व्यक्तिगत लड़ाई नहीं, बल्कि देश के संविधान को बचाने की एक बड़ी मुहिम है। उन्होंने दोहराया कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते, तब तक उनका यह प्रदर्शन जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट में याचिका- विपक्षी नेता आज सुप्रीम कोर्ट पहुंचकर एसआईआर और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ औपचारिक रूप से याचिका दाखिल करेंगे। इससे पहले रविवार को मुख्य न्यायाधीश (CJI) ने स्पष्ट किया था कि विपक्षी सांसदों का पत्र मिलने पर उन्हें उसी रात जवाब दे दिया गया था और सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे सभी नागरिकों व जनप्रतिनिधियों के लिए खुले हैं। जंतर-मंतर पर प्रदर्शनों को लेकर नया नियमः इस बीच, केंद्र सरकार द्वारा गठित कमेटी की सिफारिश के आधार पर दिल्ली के जंतर-मंतर को निर्धारित प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटा दिया गया है। अब प्रदर्शनों के लिए रामलीला मैदान, बुराड़ी ग्राउंड और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड को अधिकृत किया गया है। सत्ता पक्ष की तीखी प्रतिक्रिया-केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्ष के इस आंदोलन पर निशाना साधते हुए कहा है कि लगातार चुनावी हार की खीझ मिटाने के लिए कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं पर अनर्गल हमले कर रही है और अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रही है।

जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन पर रोक को लेकर सौरव दास और आशुतोष रांका बोले- 'यह अस्वीकार्य, पीछे नहीं हटेंगे'

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई है। इसके लिए गृह मंत्रालय की ओर से तीन नए स्थान तय कर दिए गए हैं। इसे लेकर सीजेपी के को-कन्वीनर सौरव दास की प्रतिक्रिया सामने आई है। आईएएनएस से बातचीत करते हुए सौरव दास ने कहा, ÷यह लोगों का जंतर-मंतर है। हम बिल्कुल नहीं मानेंगे कि हमारा जंतर-मंतर हमसे छीना जाए। आप जानते हैं कि जंतर-मंतर और इंडिया गेट पर कितने प्रोटेस्ट होते थे, जो शांतिपूर्ण पब्लिक प्रोटेस्ट के लिए एक मशहूर जगह भी थी। अब उन्होंने हमसे जंतर-मंतर छीन लिया है। कौन जानता है कि वे और क्या छीन सकते हैं या और क्या रोक लगा सकते हैं? क्या आपने लोगों से सलाह ली? क्या आपने स्टेकहोल्डर्स से सलाह ली? क्या आपने उन अलग-अलग ऑर्गनाइजेशन से बात की जो रेगुलर जंतर-मंतर आते हैं, जहां हर दिन प्रोटेस्ट होते हैं? क्या आपने उनसे पूछा कि वे आपके प्रपोजल के बारे में क्या सोचते हैं?÷ सौरव दास ने कहा, ÷यह देश लोगों से चलता है। अगर लोगों से बातचीत नहीं की जाएगी और एक आदेश जारी कर दिया जाएगा तो यह देश कैसे चलेगा? अभी लोगों से बातचीत नहीं की जाती और लोगों से राय नहीं ली जाती। मीडिल क्लास पर इथेनॉल थोप दिया गया। सरकार के इस आदेश का हम लोग खंडन करते हैं, यह अस्वीकार्य है। अधिकारों का हनन करना बंद होना चाहिए और लोगों से बातचीत की जानी चाहिए। सरकार को लोगों से बातचीत करनी पड़ेगी।

सीजेपी के को-कन्वीनर आशुतोष रांका ने कहा, ÷एक तय प्रोटेस्ट साइट जो इतने सालों से एक ऐतिहासिक प्रोटेस्ट साइट रही है, आपने (सरकार) उस तय साइट को बंद कर दिया है। तो अब देश का हर शहर, हर कोना जंतर-मंतर बनेगा। हम तब तक पीछे नहीं हटेंगे जब तक ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं दे देते। नहीं, अब माउंट एवरेस्ट पर प्रोटेस्ट साइट तय कर दें। हम अपना विरोध प्रदर्शन जंतर-मंतर पर करेंगे। इस पूरे सिस्टम को मजाक बना दिया गया है। हम पीछे नहीं हटेंगे और जंतर-मंतर पर ही प्रदर्शन करेंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय सुधार होगा : आरती सिंह राव

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि जिला नूंह में स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ तथा जन-सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए जिले के 8 और ग्रामीण क्षेत्रों में नए उप-स्वास्थ्य केंद्र खोलने की सरकार ने मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राज्य में 100 नए उप-स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की बजट घोषणा के क्रम में यह प्रशासनिक निर्णय लिया गया है। जिला नूंह के अंतर्गत मानौत, खानपुर घाटी, झारपुरी, सलम्बा, बादली, गुरनावट, पापड़ा और रायपुरी गांवों में इन नए उप-स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इन सभी चयनित गांवों की ग्राम पंचायतों द्वारा उप-स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण और संचालन हेतु निःशुल्क भूमि व अस्थाई भवन उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव पास कर पहले की सहमति दे दी गई है। इसके अलावा, जी.आई.एस. मैपिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया है कि ये सभी प्रस्तावित स्थल जनसंख्या के मानदंडों और क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरी तरह से पूरा करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इन 8 नए उप-स्वास्थ्य केंद्रों के खुलने से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा काफी बढ़ जाएगा और मरीजों को इलाज के लिए लंबी दूरियां तय नहीं करनी पड़ेंगी। आरती सिंह राव ने बताया कि हरियाणा सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम नूंह जिले के दूरदराज के गांवों में रहने वाले नागरिकों को उनके घर के समीप ही उच्च कोटि की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता दोनों में उल्लेखनीय सुधार होगा।

महाराजा अग्रसेन महान शासक, समाजशास्त्री और अर्थशास्त्री थे : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की जयंती का दिन केवल मनाने का नहीं बल्कि उनके सिद्धांतों को अपनाने का दिन है। सारा समाज उनके सिद्धांत अपनाए, जहां भी, कोई भी, किसी भी पार्टी की सरकार हो, वो महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतों को पे कर सरकारें चलाए जिससे हमारा देश सूर्य की तरह चमक जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भी महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों पर चल रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन-कल्याणकारी योजनाओं से आम जनजीवन का परिदृश्य बदला है। विज अम्बाला छावनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य पर रात्रि अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित भजन संध्या में लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अनिल विज ने समाज सेवी प्रकल्पों के लिए अग्रवाल सभा को अपने स्वैच्छिक कोष से 5 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

'वोट चोरी हुई, तो कैसे एलओपी बने हुए हैं', केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर कसा तंज

डेली आवाज भारती




नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से की गई प्रेस वार्ता को लेकर केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए गिरिराज सिंह ने आईएएनएस से कहा, ÷वे एक हाथ में संविधान पकड़े हुए हैं और उसे खत्म करने की बात कर रहे हैं। अगर वोट चुराए गए थे, तो वे विपक्ष के नेता (एलओपी) कैसे बने हुए हैं? बिहार में चुनाव आयोग ने सबूत मांगे थे। उन्होंने क्यों नहीं दिए? क्या सिर्फ संविधान दिखाना काफी होगा? राहुल गांधी ने झूठ फैलाने का जिम्मा खुद उठा लिया है।÷ गिरिराज सिंह ने कहा, ÷जिस दिन वे मार्च कर रहे थे, उन्होंने दावा किया था कि उनके साथ 300 सांसद हैं। तो फिर वे अविश्वास प्रस्ताव क्यों नहीं लाते? अब वे दावा कर रहे हैं कि 200 अधिकारी उनके साथ हैं। मैं कह रहा हूं कि उनके अपने शशि थरूर भी उनके साथ नहीं थे। यह क्या है? वे झूठ फैलाना चाहते हैं। उन्होंने तो बस संविधान की एक कॉपी उठाई है, फिर भी वे इसके खिलाफ ये सब काम कर रहे हैं। ये अर्बन नक्सल की भूमिका में खुद को स्थापित करना चाहते है। उन्होंने कहा, आप (राहुल गांधी) किस संविधान की बात कर रहे हैं? झूठ फैलाकर? मैं आपको चुनौती देता हूं, आपने और तेजस्वी यादव ने बिहार में चुनाव आयोग के खिलाफ आरोप लगाए थे। आपने सबूत क्यों नहीं दिए? आपने दिल्ली में सबूत क्यों नहीं दिए? आपने महाराष्ट्र में सबूत क्यों नहीं दिए? अगर ये चुनाव गलत हैं, तो आप इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे हैं?

गिरिराज सिंह ने कहा, ÷वे झूठ फैलाते हैं और कन्फ्यूजन पैदा करते हैं। मुझे खड़गे के लिए दुख है। इस उम्र में, जिस तरह से वे बर्ताव कर रहे हैं और राहुल गांधी जैसे लोगों की चापलूसी करने के लिए इस हद तक जा रहे हैं, उसने सारी हदें पार कर दी हैं। राहुल गांधी सिर्फ झूठ फैलाते हैं।

इकोनॉमिक्स का नोबेल दो अमेरिकी अर्थशास्त्रियों रॉबर्ट ई हॉल और माइकल वुडफोर्ड को मिला, मंदी से निपटने का मॉडल बनाया

डेली आवाज भारती



स्टॉकहोम । इस साल अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दो अमेरिकी अर्थशास्त्रियों को मिला है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को इसकी घोषणा की। रॉबर्ट ई हॉल स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और माइकल वुडफोर्ड कोलंबिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। दोनों को यह पुरस्कार इंफ्लेशन यानी मंदी और इकोनॉमिक बूम यानी तेजी के बीच अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने से जुड़ी नीतियों के लिए सूक्ष्म आर्थिक आधार का विकास करने के लिए दिया गया। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ने नामों का ऐलान करते हुए कहा कि दोनों ने दिखाया कि कैसे आर्थिक मॉडलों का पुनर्निर्माण करके स्थिरीकरण नीति (स्टेबलाइजेशन पॉलिसी) को फिर से सक्रिय किया जा सकता है।

महंगाई, उत्पादन और खपत जैसे मैक्रोइकॉनॉमिक वेरिएबल्स (मसलन मंदी, जीडीपी, बेरोजगारी दर जैसे अर्थव्यवस्था के संकेतक) के बीच सांख्यिकीय संबंधों पर मॉडल आधारित करने के बजाय, उन्होंने उन्हें माइक्रो-इकॉनॉमिक फाउंडेशन बनाने का विकल्प चुना।

उनकी रिसर्च से यह समझने में मदद मिली कि सरकारें और केंद्रीय बैंक सही समय पर आर्थिक फैसले लेकर मंदी के असर को कैसे कम कर सकते हैं। दोनों को कुल 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर (करीब 11 करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि बराबर-बराबर मिलेगी।

इसमें इस बात की समझ शामिल है कि कैसे व्यक्तिगत परिवारों और व्यवसायों का समग्र समूह अपने कार्यों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है।

बता दें, अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार अल्फ्रेड नोबेल की मूल वसीयत में शामिल नहीं था। स्वीडन के केंद्रीय बैंक ने 1968 में इसकी शुरुआत की थी। इसका आधिकारिक नाम 'अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में आर्थिक विज्ञान में स्वेरिग्स रिक्सबैंक पुरस्कार' है। 1969 में नॉर्वे के राग्नार फ्रिस्क और नीदरलैंड के जान टिनबर्गेन को गतिशील आर्थिक मॉडलिंग में काम के लिए यह पुरस्कार दिया गया था। नोबेल प्राइज देने वाली संस्था की आधिकारिक साइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, नोबेल पुरस्कार स्वीडिश वैज्ञानिक और डायनामाइट के आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिए जाते हैं।

केवल विश्व युद्ध के कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाए, तो ये पुरस्कार 1901 से लगातार दिए जा रहे हैं। वहीं, पिछले साल का इकोनॉमिक्स का नोबेल जोएल मोकिर, फिलिप अघियन और पीटर हॉविट को दिया गया था। इनमें से दो अमेरिकी और एक ब्रिटिश प्रोफेसर थे। इन्हें इनोवेशन से होने वाले आर्थिक विकास पर रिसर्च के लिए पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार ऐसे शोध को सम्मान देता है, जिसने अर्थव्यवस्था को समझने या उससे जुड़े फैसले लेने के तरीकों में अहम योगदान दिया हो। विजेता चुनते समय यह भी देखा जाता है कि किसी शोध का लंबे समय में कितना असर पड़ा है। चिकित्सा, भौतिकी, रसायन विज्ञान, शांति और साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कारों की घोषणा पिछले सप्ताह की जा चुकी थी।

केंद्र सरकार का राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बड़ा निर्देश, अस्पतालों में इलाज के शुल्क प्रमुखता से किए जाएं प्रदर्शित

डेली आवाज भारती




नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि अस्पताल और अन्य क्लिनिकल प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं और सुविधाओं के लिए लिए जाने वाले शुल्क को प्रमुखता से प्रदर्शित करें। इस कदम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और मरीज-केंद्रित व्यवस्था को मजबूत करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा है कि संबंधित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और इलाज व स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े शुल्क की जानकारी मरीजों और उनके परिजनों को आसानी से दिखाई और उपलब्ध हो। मंत्रालय के अनुसार, उपचार शुल्क की स्पष्ट जानकारी मिलने से मरीज और उनके परिवार इलाज पर होने वाले संभावित खर्च को पहले से समझ सकेंगे। इससे उन्हें बेहतर वित्तीय योजना बनाने और सूचित निर्णय लेने में मदद मिलेगी। साथ ही बिलिंग को लेकर होने वाले भ्रम और विवाद भी कम होंगे तथा स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ेगा। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी और मरीजों के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पत्र में क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट्स (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) एक्ट, 2010 और क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट्स (सेंट्रल गवर्नमेंट) रूल्स, 2012 का उल्लेख किया गया है। इन नियमों के तहत संबंधित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में क्लिनिकल प्रतिष्ठानों को अपनी सभी सेवाओं और सुविधाओं की दरें प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना अनिवार्य है। शुल्क सूची अंग्रेजी के साथ-साथ स्थानीय भाषा में भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि मरीजों और उनके परिजनों को जानकारी आसानी से समझ में आ सके। मंत्रालय ने यह भी कहा कि जिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में केंद्रीय कानून लागू नहीं है, वहां भी स्वास्थ्य सुविधाओं का नियमन राज्य स्तर के नियमों के तहत किया जाता है और उनमें से कई नियमों में भी सेवा शुल्क प्रदर्शित करने के प्रावधान मौजूद हैं। स्वास्थ्य सचिव ने याद दिलाया कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए इन नियमों को लागू करने और अनुपालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की है। मंत्रालय ने विदेशी मरीजों के लिए भी अधिक पारदर्शिता पर जोर दिया है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा गया है कि वे अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को मेडिकल वीजा और आयुष वीजा पर भारत आने वाले मरीजों के लिए उपलब्ध पैकेज दरों को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करें। मंत्रालय का मानना है कि इससे विदेशी मरीजों को उपचार से जुड़ी लागत की बेहतर जानकारी मिलेगी, कीमतों से जुड़े विवाद कम होंगे और चिकित्सा एवं आयुष उपचार के लिए भारत की वैश्विक पहचान और मजबूत होगी।

राजस्थान में आईटीआई का होगा कायाकल्प, भिवाड़ी क्लस्टर के लिए 241 करोड़ मंजूर

डेली आवाज भारती




जयपुर। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए देश के भविष्य की नींव यानी युवाओं को हुनरमंद, आत्मनिर्भर और रोजगार योग्य बनाना आवश्यक है। इसी लक्ष्य को लेकर कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा पीएम-सेतु (प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई) योजना के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का कायाकल्प शुरू हो गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेष प्रयासों के चलते राष्ट्रीय संचालन समिति ने राजस्थान में भिवो ी क्लस्टर के लिए 241 करो रुपये की रणनीतिक निवेश योजना को मंजूरी प्रदान की है। इसके उपरांत केंद्र सरकार, राज्य सरकार एवं एंकर इंडस्ट्री पार्टनर के मध्य शेयर होल्डर एग्रीमेंट साइन किया गया और राजस्थान शेयर होल्डर एग्रीमेंट साइन करने वाला पहला राज्य बना।

11 अन्य क्लस्टर्स के लिए एंकर इंडस्ट्री पार्टनर प्रस्ताव

प्रदेश में प्रस्तावित कुल 12 हब-स्पोक क्लस्टर्स से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत प्रशिक्षण सुविधाओं और उद्योगों से सीधे जो ने की दिशा में काम किया जाएगा। हर क्लस्टर की लागत में लगभग 50 प्रतिशत केन्द्र, 33 प्रतिशत राज्य और 17 प्रतिशत हिस्सा उद्योग का रहेगा। क्लस्टर प्रबंधन के लिए बनने वाले विशेष प्रयोजन वाहन में एंकर इंडस्ट्री पार्टनर की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत रहेगी, जबकि केन्द्र और राज्य सरकार की हिस्सेदारी 24.5-24.5 प्रतिशत होगी। जिससे उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप और रोजगार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। फिलहाल राज्य सरकार द्वारा भिवा ी के अलावा बाकी 11 क्लस्टर्स (जयपुर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, बांसवा ा, बालोतरा, बीकानेर, भीलवा ा, कोटपूतली, सीकर और पाली) के लिए एंकर इंडस्ट्री पार्टनर के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

हरियाणा में जनगणना-2027 का पहला चरण पूरा, दूसरे की तैयारियां तेज : डॉ. सुमिता मिश्रा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा ने जनगणना-2027 का पहला चरण पूरी तरह डिजिटल माध्यम से सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस दौरान 23 जिलों और 11 नगर निगमों में 51,907 मकान सूचीकरण ब्लॉक को सफलतापूर्वक कवर करने के बाद, हरियाणा अब जनसंख्या गणना के दूसरे चरण की तैयारियों में जुट गया है। दूसरे चरण में 23 जिलों के अंतर्गत आने वाले 6,522 गांवों और 88 कस्बों में लगभग 70,000 गणना ब्लॉकों को कवर किया जाएगा। इस कार्य के लिए आरक्षित कार्मिकों सहित लगभग 74,800 प्रगणकों और 12,650 पर्यवेक्षकों की तैनाती प्रस्तावित है। पूरी प्रक्रिया 34 प्रधान जनगणना अधिकारियों की निगरानी में 203 जनगणना चार्ज के माध्यम से संचालित की जाएगी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, जो जनगणना-2027 की राज्य नोडल अधिकारी भी हैं, ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि शत-प्रतिशत जनसंख्या कवरेज सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान न तो कोई व्यक्ति छूटने पाए और न ही दोहरी गणना की कोई संभावना रहे। इसके लिए सख्त जवाबदेही तय की जाए और सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाएं। डॉ. सुमिता मिश्रा ने ये निर्देश आज यहां प्रधान जनगणना अधिकारियों के एक दिवसीय सम्मेलन में दिए। सम्मेलन में जनसंख्या गणना से पहले संचालन संबंधी तैयारियों, डिजिटल माध्यम से आंके एकत्र करने, कार्मिकों की तैनाती, क्षेत्रीय निगरानी तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर चर्चा की गई। वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि जनगणना-2027 राष्ट्र निर्माण, विकास की योजना तैयार करने और प्रभावी शासन व्यवस्था से जु ा एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे तैयारियों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें, चार्ज अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करें और जनसंख्या गणना शुरू होने से पहले संभावित संचालन संबंधी कठिनाइयों की पहचान कर उनका समाधान सुनिश्चित करें।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्तायुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि प्रथम चरण की सफलता हरियाणा के अधिकारियों के समर्पण और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंके ों की गुणवत्ता जिला स्तर पर अधिकारियों की गंभीरता, नेतृत्व और क्षेत्रीय निगरानी पर काफी हद तक निर्भर करती है। उपायुक्तों की भूमिका इस प्रक्रिया की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में निर्णायक होगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अधिकारी जनगणना के कार्य को अतिरिक्त विभागीय जिम्मेदारी के बजाय प्राथमिकता वाला कार्य मानें और तैयारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों, तेजी से विकसित हो रही आवासीय बस्तियों, शहरी एवं झुग्गी-बस्ती वाले इलाकों तथा प्रवासी आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी व्यक्ति या परिवार के छूटने की संभावना को समाप्त करने के लिए पहले से व्यापक कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान कवरेज, सटीकता और गोपनीयता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संभावित कमियों की पहचान करने, दोहरी गणना रोकने और क्षेत्रीय निगरानी मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी तथा उपलब्ध प्रशासनिक सूचनाओं का प्रभावी उपयोग किया जाए। वित्तायुक्त ने जनगणना ड्यूटी से छूट मांगने वाले आवेदनों की के ी जांच करने पर भी जोर दिया। इसमें उन कार्मिकों के अनुरोध भी शामिल होंगे, जिन्होंने प्रथम चरण में अपनी ड्यूटी पूरी की है।

उन्होंने कहा कि जनगणना की सफलता के लिए यह जरूरी है कि सक्षम कार्मिकों का चयन किया जाए और उन्हें समय पर प्रशिक्षण दिया जाए। डॉ. मिश्रा ने बताया कि दूसरे चरण की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और प्रधान जनगणना अधिकारियों के सम्मेलन में प्रशिक्षण प्रक्रिया भी आरंभ हो गई है। आगे चार्ज अधिकारियों, मास्टर ट्रेनरों, फील्ड ट्रेनरों, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि सभी कार्मिक अपनी जिम्मेदारियों, निर्धारित प्रक्रियाओं और समय-सीमा से पूरी तरह परिचित हों। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को क्षेत्रीय कार्मिकों के साथ नियमित संपर्क बनाए रखने तथा समस्याओं की पहचान और समय पर समाधान के लिए पर्यवेक्षकों के साथ साप्ताहिक बैठकें करने के निर्देश दिए।

CMYK

page 8_Layout 1 12-10-2026 21:19 Page 1

ईडी ने लुधियाना के पुलिस कमिश्नर को जारी किया समन

19 अक्टूबर को चंडीगढ़ दफ्तर में किया तलब

- समन कथित फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट से जुड़े मामले में भेजा गया है
- वहीं, अब इस मामले में उनकी पेशी पर सबकी नजरें टिकी हुई
- जालंधर के पुलिस कमिश्नर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं

डेली आवाज भारती



लुधियाना। लुधियाना के पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा को प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने समन जारी किया है। यह समन कथित फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट से जुड़े मामले में भेजा गया है। ईडी ने उन्हें 19 अक्टूबर को चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में पेश होने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले में उनकी पेशी पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। स्वपन शर्मा पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों में शामिल हैं। वह जालंधर के पुलिस कमिश्नर के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

कथित फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट से संबंधित है मामला

ईडी की ओर से जारी समन के बाद इस मामले ने एक बार फिर चर्चा पकड़ ली है। फिलहाल, समन जारी किए जाने को लेकर उपलब्ध जानकारी के अनुसार मामला कथित फर्जी फोरेंसिक रिपोर्ट से संबंधित है। ईडी की ओर से उनसे क्या जानकारी मांगी जाएगी और जांच में आगे क्या कार्रवाई होगी, यह उनकी पेशी के बाद स्पष्ट हो सकता है। मामले में आगे की जांच और घटनाक्रम पर नजर बनी हुई है।

पंजाब में आ गई SIR की फाइनल लिस्ट! 13 लाख वोटर्स के नाम हटे

- फाइनल लिस्ट में अब करीब 2.01 करोड़ मतदाता रह गए

डेली आवाज भारती



पंजाब में चुनाव से पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) की प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी गई है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, इस प्रक्रिया के बाद राज्य में करीब 13 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। पहले पंजाब में लगभग 2.14 करोड़ वोटर दर्ज थे, जबकि फाइनल वोटर लिस्ट में अब करीब 2.01 करोड़ मतदाता रह गए हैं। चुनाव आयोग ने फाइनल वोटर लिस्ट अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी है। मतदाता www.ceopunjab.gov.in पर जाकर सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं। वेबसाइट पर Final Roll 2026 के विकल्प के जरिए मतदाता सूची में नाम देखा जा सकता है। चुनाव आयोग के मुताबिक, जांच के दौरान करीब 7 लाख मतदाता ऐसे पाए गए, जो पंजाब से दूसरे राज्यों में शिफ्ट हो चुके हैं। बताया गया है कि इन मतदाताओं ने दूसरे राज्यों में भी अपना वोट बनवा लिया है। इसके अलावा करीब 4 लाख मतदाताओं को मृत दर्ज किया गया है।

एक लाख लोगों की बनी थी डुप्लीकेट वोट

वहीं, जांच के दौरान एक लाख से ज्यादा डुप्लीकेट वोट भी सामने आए हैं। इन कारणों से मतदाता सूची में बड़े स्तर पर बदलाव हुआ है। इससे पहले 13 अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 1.94 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल थे। उस समय कई मतदाताओं की मैपिंग पूरी नहीं हुई थी।

एलपीयू हिंसा : वायरल पोस्ट किसने बनाई और किसने फैलाई? हाईकोर्ट ने जांच पर उठाए सवाल

- दो लड़कियों के यौन शोषण और हत्या का दावा करने वाली पोस्ट
- यह स्पष्ट होना चाहिए छात्रा ने जानबूझकर संदेश साझा किया था

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः रक्त में हुई हिंसा के मामले की सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सोमवार को पंजाब सरकार की जांच पर सवाल उठाए। कोर्ट ने सोशल मीडिया पर दो लड़कियों के यौन शोषण और हत्या का दावा करने वाली पोस्ट के मामले में पुलिस जांच को लेकर कई अहम सवाल किए।हाईकोर्ट ने कहा कि जांच में यह स्पष्ट होना चाहिए कि छात्रा ने जानबूझकर संदेश साझा किया था या किसी अन्य व्यक्ति ने उसके मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके पोस्ट फैलाई थी। छात्रा से उचित तरीके से पूछताछ की जाए और मामले की जांच को गंभीरता से आगे बढ़ाया जाए। चीफ जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपूर की डिवीजन बेंच ने यह भी सवाल किया कि गंभीर आरोपों वाला संदेश आखिर किसने तैयार किया था और उसे फैलाने के पीछे किसकी भूमिका थी। कोर्ट ने जांच में इन पहलुओं को स्पष्ट करने की जरूरत बताई, ताकि यह पता चल सके कि संदेश तैयार करने और उसे प्रसारित करने में किन लोगों की भूमिका रही।

आपराधिक इरादे से शेयर नहीं किया था पोस्ट : पंजाब सरकार

सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से कोर्ट में बताया गया कि छात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए संदेश को आगे शेयर किया था, लेकिन उसका कोई आपराधिक इरादा नहीं था। वहीं, पुलिस ने छात्रा के बयान से संबंधित रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट सामने पेश की। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जांच की दिशा और सोशल मीडिया पोस्ट के स्रोत का पता लगाने की अहमियत पर सवाल उठाए।

मिनी कॉपर कार से तीन छात्रों को रौंदने के मामले ने पकड़ा तूल, युवक बोला-पापा, सब संभाल लेंगे!

- दर्दनाक हादसा रविवार रात कोच्चि के नेदुम्बस्सेरी इलाके में हुआ
- तेज रफ्तार कार ने तीन परिवारों की खुशियां छीनी
- इयास, देविका व गोपिका की मौत से इलाके में शोक का माहौल

डेली आवाज भारती

हालांकि, इस कथित बयान की स्वतंत्र पुष्टि सामने नहीं आ पाई



केरल के कोच्चि में तेज रफ्तार Mini Cooper कार की टक्कर से स्कूटर सवार तीन छात्रों की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। चश्मदीदों के मुताबिक, हादसे के बाद जब स्थानीय लोगों ने कार चालक सुहैल सजीव को रोका, तो उसने कथित तौर पर कहा कि उसके पिता सब संभाल लेंगे। रविवार रात कोच्चि के नेदुम्बस्सेरी इलाके में हुए इस दर्दनाक हादसे में स्कूटर सवार तीन छात्रों की मौत हो गई। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान 21 वर्षीय इयास, देविका और गोपिका के रूप में हुई है। केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने Mini Cooper कार जब्त कर ली है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसे के समय आरोपी शराब के नशे में था या नहीं। तीनों की मौत से इलाके में शोक का माहौल है। तेज रफ्तार कार की टक्कर ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। चश्मदीदों के अनुसार, जब लोगों ने हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर सुहैल सजीव को रोका, तो उसने कथित तौर पर कहा कि पापा सब संभाल लेंगे। हालांकि, इस कथित बयान की स्वतंत्र पुष्टि सामने नहीं आई है।

चश्मदीदों ने बताया, हादसे के बाद हुई बहस

चश्मदीद *सलीम के मुताबिक, हादसे के समय घटनास्थल के पास मौजूद थे। अचानक तेज आवाज सुनाई दी, जिसके बाद आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंचे। वहां तीन लोग सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। कुछ देर बाद पुलिस और एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक तीनों छात्र कोई हरकत नहीं कर रहे थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने कार को रोक लिया। इस दौरान आरोपी चालक और लोगों के बीच बहस भी हुई।*

न्युवोको के 10 साल पूरे, सीमेंट उत्पादन क्षमता 35 एमएमटीपीए करने का लक्ष्य

डेली आवाज भारती

पानीपत। बिल्डिंग मटेरियल क्षेत्र की कंपनी न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने कारोबार के 10 साल पूरे होने पर 'दस साल बेमिसाल' थीम के तहत जश्न मनाया। कंपनी ने इस मौके पर अपनी विकास यात्रा, बड़े कारोबारी फैसलों और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। एक सीमेंट प्लांट से शुरू हुआ सफर आज सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट और आधुनिक निर्माण सामग्री के कारोबार तक पहुंच चुका है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027-28 तक सीमेंट उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 35 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष करना है। न्युवोको की विकास यात्रा वर्ष 2014 में राजस्थान के निंबोल में 2 एमएमटीपीए क्षमता वाले सीमेंट प्लांट से शुरू हुई थी। कंपनी की पैरेंट कंपनी निरमा ग्रुप ने इस प्लांट के जरिए सीमेंट कारोबार में कदम रखा। अक्टूबर 2016 में लफार्ज इंडिया का अधिग्रहण कंपनी के लिए अहम मोड़ साबित हुआ। इससे कारोबार का विस्तार हुआ और कंपनी को बिल्डिंग मटेरियल क्षेत्र में अपनी पहचान मजबूत करने का मौका मिला। इसके बाद कंपनी ने न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई। कोविड-19 के दौर में वर्ष 2020 में इमामी सीमेंट का अधिग्रहण भी किया। यह कंपनी अब न्यू विस्ता लिमिटेड के नाम से जानी जाती है। वर्ष 2021 में न्युवोको शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई, जिससे उसके विकास को नया आयाम मिला। अप्रैल 2025 में वडराज सीमेंट को कारोबार में शामिल करने से पश्चिमी भारत में कंपनी की मौजूदगी मजबूत हुई। कंपनी के मुताबिक, वर्तमान में उसकी सीमेंट उत्पादन क्षमता 27 एमएमटीपीए है और देशभर में 14 मैन्युफैक्चरिंग प्लांट हैं। इनमें गुजरात के कच्छ और सचाना स्थित प्लांट भी शामिल हैं, जिनका काम पूरा होने के करीब है। इसके अलावा कंपनी के देशभर में 58 रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट हैं। आधुनिक निर्माण सामग्री के क्षेत्र में भी कंपनी के कई उत्पाद उपलब्ध हैं। वित्त वर्ष 2027-28 तक उत्पादन क्षमता 35 एमएमटीपीए करने का लक्ष्य पिछले एक दशक में क्षमता में करीब डेढ़ गुना वृद्धि की दिशा में अहम कदम होगा। कंपनी ने अपने विकास के साथ नई तकनीक अपनाने, कामकाज में सुधार, कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने और ग्राहकों व कारोबार से जुड़े दूसरे पक्षों के साथ मजबूत संबंध बनाने पर भी ध्यान दिया है।

अगले दशक में टिकाऊ विकास पर जोर

न्युवोको *विस्टास कॉर्प लिमिटेड के चेयरमैन हिरेन पटेल ने कहा कि कंपनी की 10 साल की यात्रा साहसिक फैसलों, दूरगामी सोच और कर्मचारियों की मेहनत का नतीजा है। निंबोल में शुरुआत से लेकर आज तक हर उपलब्धि ने एक मजबूत और लंबे समय तक टिकने वाली संस्था बनाने के विश्वास को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अगले दशक में कंपनी की प्राथमिकता नई सोच, टिकाऊ विकास और बेहतर प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ने की होगी। कंपनी ऐसा कार्यस्थल बनाने पर भी ध्यान देगी, जहां कर्मचारी गर्व के साथ काम कर सकें और अपने करियर में आगे बढ़ें। 'दस साल बेमिसाल' अब तक की उपलब्धियों का जश्न होने के साथ भविष्य में विकास के नए अवसरों की दिशा भी तय करता है।*

सैन समाज की पंजाब कुराली निवासी श्रीमती गीता अशोक बजाज को आंध्र प्रदेश तिरुपति बालाजी में किया गया सम्मानित

डेली आवाज भारती



ऑल इंडिया सैन जी महासंघ ट्रस्ट की ओर से इस साल 2026 का सैन समाज का अधिवेशन भारत के दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी में आयोजित किया गया ।

इस भव्य कार्यक्रम में पंजाब कुराली से राष्ट्रीय महिला महासचिव श्रीमती सैन गीता अशोक बजाज ने भी बे चे कर साझेदारी निभाई । 3 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सैन समाज की भलाई और तरक्की की विवेचना और समाज के लिए दी जाने वाली योगदान का उल्लेख किया गया और किस प्रकार समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों के उत्थान और मदद की जाए इसपर वृहत चर्चा की गई । साथ ही सभी उपस्थित सदस्य श्री बालाजी के दर्शन किए इसके साथ ही कई रोचक कार्यक्रम आयोजित किए गए । इसी बीच श्रीमती गीता अशोक बजाज को उनके उल्लेखनीय कार्यो के लिए उनके सम्मान में उन्हें समस्त सैन समाज के उपस्थित गणमान्य सदस्यों द्वारा उनको स्मृति चिन्ह सैन भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

अमृतसर एयरपोर्ट पर बढ़ाई गई सुरक्षा, ड्रोन की सूचना के बाद दिल्ली और चंडीगढ़ डायवर्ट हुईं फ्लाइट्स

- एहतियात के तौर पर तीन उड़ानों को दूसरे शहरों की ओर डायवर्ट कर दिया
- इस घटनाक्रम के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ा दी गई

डेली आवाज भारती




अमृतसर। अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास रविवार रात संदिग्ध ड्रोन एक्टिविटी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। एहतियात के तौर पर तीन उड़ानों को दूसरे शहरों की ओर डायवर्ट कर दिया गया। इस घटनाक्रम के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता बढ़ा दी गई। रविवार रात करीब 9 बजे राजासांसी के पास ड्रोन देखे गए थे। हालांकि, ड्रोन एक्टिविटी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

तीन उड़ानें दूसरे शहरों की ओर डायवर्ट

एयर *इंडिया की दिल्ली से अमृतसर आ रही फ्लाइट AI-855 को वापस दिल्ली भेज दिया गया। वहीं, इंडिगो की मुंबई से अमृतसर आ रही फ्लाइट 6E-5028 को चंडीगढ़ डायवर्ट कर दिया गया। मलेशिया एयरलाइंस की कुआलालंपुर से अमृतसर आ रही फ्लाइट MH-118 को भी एहतियातन दिल्ली भेज दिया गया। इस तरह ड्रोन एक्टिविटी की सूचना के बाद अमृतसर आने वाली तीन उड़ानों के रूट में बदलाव किया गया।*

न्यू चंडीगढ़ में विधायक फ्लैट्स के पास भीषण सड़क हादसा, कारें क्षतिग्रस्त; बाल-बाल बचे लोग

डेली आवाज भारती



न्यू चंडीगढ़ (मुल्लांपुर गरीबदास): (हरतेज सिंह तेजी) : सोमवार तड़के न्यू चंडीगढ़ स्थित एमएलए (MLA) फ्लैट्स के पास गांव होशियारपुर और पड़ोल चौराहे पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में तीन कारें आपस में बुरी तरह टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि, गनीमत यह रही कि इतने बड़े हादसे के बावजूद किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ और सभी सवार सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एक कार गांव पड़ोल की ओर से आ रही थी और जैसे ही वह चंडीगढ़-कुराली मुख्य राजमार्ग पर चढ़ने लगी, तभी बद्दी-सिस्वा मार्ग से आ रही एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बेकाबू हुई ब्रेजा कार दूसरी तरफ चंडीगढ़ की ओर से आ रही एक अन्य कार से जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही थाना मुल्लांपुर गरीबदास (न्यू चंडीगढ़) की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लिखित शिकायत मिलने पर बनती कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यह पता लगाया जा रहा है कि गलती किस वाहन चालक की थी।

स्थानीय निवासियों ने की ट्रैफिक लाइट लगाने की मांग

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस चौराहे पर पहले भी कई गंभीर हादसे हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस खतरनाक चौराहे पर जल्द से जल्द ट्रैफिक लाइटें लगाई जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

डलहौजी में 34वीं राम सरूप अणखी स्मृति कथा गोष्ठी का तीन दिवसीय आयोजन संपन्न

डेली आवाज भारती

डलहौजी के यूथ हॉस्टल में 2 से 4 अक्टूबर तक 'कहानी पंजाब' द्वारा 34वीं राम सरूप अणखी स्मृति कथा गोष्ठी का तीन दिवसीय आयोजन किया गया। प्रो. क्रांतिपाल (भारतीय भाषा विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय) के संयोजन में आयोजित यह गोष्ठी पिछले 35 वर्षों से विभिन्न भारतीय भाषाओं के कथाकारों को एक मंच पर लाती रही है, जिसकी शुरुआत पंजाबी के मूर्धन्य कथाकार राम सरूप अणखी ने की थी। कार्यक्रम की शुरुआत गोष्ठी के संचालक, कथाकार एवं 'समकाली साहित' (पंजाबी साहित्य सभा, नई दिल्ली) के संपादक केसरा राम ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत कर की। इस राष्ट्रीय कथा गोष्ठी की अध्यक्षता जामिया मिलिया इस्लामिया के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष व प्रख्यात साहित्यकार प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह ने की। उद्घाटन सत्र में अणखी जी के रचनाकर्म को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि अणखी जी पंजाबी के उन विरले कथाकारों में से हैं, जिन्हें अन्य भारतीय भाषाओं में व्यापक रूप से पढ़ा और अनूदित किया गया। साहित्य अकादेमी सहित देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा सम्मानित अणखी जी के उपन्यासों और कहानियों का फलक अत्यंत विस्तृत व जनसरोकारों से जुड़ा रहा है। तीन दिनों में कुल चार विचारोत्तेजक सत्र आयोजित किए गए। दूसरे सत्र में जम्मू से आए कथाकार हरदीप सिंह दीप ने पंजाबी कहानी 'आप ने बहुत देर कर दी', कश्मीरी कथाकार डोली तिक्कू आरवल ने %शिकारे का सन्नाटा% तथा डोगरी कथाकार राज राही ने %पुराने घावों का दर्द% का पाठ किया। तीसरे सत्र में राजस्थानी कथाकार रामेश्वर गोदारा ने 'कटुवा, काफ़िर उर्फ़..., युवा उर्दू कथाकार अब्दुर रहमान सफ़ी ने 'रज्जो' और पंजाबी कथाकार गुरमीत कड़ियालवी ने 'पिंजरा' कहानी पढ़ी। चौथे सत्र में दिनेश कर्नाटक ने कुमाऊँ ट्रेवल्स (हिंदी), कमल रांची ने बीमार देश उर्फ़ फेंकना, फंसाना और बुलशिट (हिंदी), जगदीप दुबे ने बाबर, श्रवण, फन्दी और वह (डोगरी) तथा बलविंदर बुलेट ने लहू लुहान (पंजाबी) कहानी का प्रभावशाली पाठ किया।



पढ़ी गई सभी दस कहानियों में मानवीय संबंध, विस्थापन, प्रवास और समकालीन सामाजिक-राजनीतिक यथार्थ प्रमुख विषय बनकर उभरे। प्रत्येक पाठ के उपरांत कहानी की संरचना, शिल्प और कथ्य पर गहन संवाद हुआ। खुली परिचर्चा में जामिया के हिंदी विभाग से डॉ. मुकेश मिरोठा, कथाकार अरुण कुमार असफल, डॉ. सतनाम सिंह जस्सल, हरीश, दीप जगदीप, भूपिंदर सिंह बेदी, प्रो. नीलाभ, सरबजीत स्वामी, विजेंद्र विंटा, दया सिंह और भारती दत्त सहित सभी प्रतिभागियों ने अपनी समीक्षात्मक टिप्पणियां और सुझाव साझा किए। समारोह के समापन पर अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह ने अपने चिर-परिचित बेबाक अंदाज़ में कहानियों की निष्पक्ष समीक्षा की। उन्होंने रेखांकित किया कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य विभिन्न भारतीय भाषाओं के रचनाकारों के बीच जीवंत संवाद और साझी संवेदना को विकसित करना है। अंत में संयोजक डॉ. क्रांतिपाल ने सभी का आभार व्यक्त किया और उपस्थित साहित्यकारों को प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

CMYK